


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 14 मई 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 106 | मूल्य - 5 रुपये









## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## प्लॉट बेचना है..

गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है। चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफसे रोड है। संपर्क करें..
मो. नं. 9300693881
मो. नं. 9179739502

# आंधी-तूफान ने बरपाया उत्तरप्रदेश में कहर, 37 की मौत, बिल्डिंग्स की दीवारें गिरीं, मलबे में दबे लोग..

नई दिल्ली (भाषा)।

*उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार शाम और रात तेज आंधी-तूफान ने कहर बरपाया है। इस आंधी-तूफान से यूपी में अब तक 37 लोगों की मौत की खबर है। प्रयागराज, फतेहपुर, बदायूं और भदोही जिले में तेज आंधी-तूफान ने तबाही मचाई है। फतेहपुर कई बिल्डिंग्स की*



दीवारें गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में 17 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही भदोही में बुधवार को भारी बारिश के साथ आए शक्तिशाली तूफान के कारण 6 लोगों की मौत हो गई। कई जगहों पर पेड़ जड़ से उखड़ गए हैं। बदायूं में तेज आंधी-तूफान से 5 लोगों की मौत हुई है। फतेहपुर में तेज आंधी और तूफान से जिले में कई जगहों पर नुकसान हुआ है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है, जबकि पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रयागराज में 17 की मौत, 5 घायल

प्रयागराज में बुधवार शाम आई तेज धूल भरी आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई है। आंधी-तूफान से जुड़े हादसों में अब तक जिले में 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में 5 महिलाएं, 4 बच्चे और आठ पुरुष शामिल हैं। सबसे ज्यादा सात मौतें हंडिया तहसील में दर्ज की गई हैं। इसके अलावा फूलपुर में 4, सोरांव में 3, मेजा में 2 और सदर क्षेत्र में एक व्यक्ति की जान गई है।

तेज आंधी के चलते 20 पशुओं की भी मौत हुई है और 16 मकानों को नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की टीमें सभी तहसीलों से नुकसान का आंकड़ा जुटाने में लगी हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने बताया कि मौतों का आंकड़ा अभी बढ़ भी सकता है।

### बिजली के खंभे उखड़े, गिरे पेड़..

भदोही में बुधवार को भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि कई इलाकों से बिजली के खंभे और घरों पर पेड़ गिरने की खबरें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि तूफान के बाद मोबाइल नेटवर्क में व्यवधान के कारण बहाली और बचाव कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौर्य ने कहा कि उप-जिलाधिकारी, तहसीलदार और अन्य अधिकारी, पुलिस कर्मियों के साथ, जिले की तीनों तहसीलों में निरीक्षण और राहत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अब तक 6 लोगों की मौत की जानकारी मिली है, लेकिन संख्या बढ़ सकती है।' अधिकारी ने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद ही हताहतों और घायलों की सही संख्या स्पष्ट हो सकेगी।

### बदायूं में 5 की मौत


वहीं, बदायूं में भीषण धूल भरी आंधी और बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में दो नाबालिग लड़कियों समेत 5 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बिसोली थानाक्षेत्र के सिद्धपुर कैथोली गांव में तूफान के दौरान एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से दो लड़कियों - मौसमी (10) और रजनी (9) - की मौत हो गई।

### दीवार गिरने से 4 लोग मलबे में दबे

तेज हवाएं चलने के बाद कल्लो और नेहा नाम की दो महिलाओं के साथ ये लड़कियां वहां शरण लेने आई थीं। अधिकारियों ने बताया कि तूफान में दीवार गरने से चारों लोग मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि दो लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिलाओं को गंभीर चोटें आईं।

# चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण 33 लाख के पार पहुंचा

**देहरादून, (भाषा)** उत्तराखंड में चार धाम तथा हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए बुधवार शाम तक 33 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण करवाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी । प्रशासन द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन में जारी आंकड़ों के अनुसार, केदारनाथ के लिए 11,68,522 पंजीकरण, बदरीनाथ के लिए 10,19,560, गंगोत्री के लिए 5,90,295 और यमुनात्री के लिए 5,69,480 पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, 23 मई से शुरू होने वाली हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 48,428 श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण करवाया है। इस वर्ष चारधाम यात्रा 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व पर गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ हुई थी । बाइस अप्रैल को केदारनाथ जबकि 23 अप्रैल को बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोले गए थे ।




# प्रतीक यादव के शरीर पर मिले 6 चोट के निशान, किस कारण गई जान? पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

नई दिल्ली।

*मुलायम सिंह के बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। इस रिपोर्ट में मौत का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि खून का थक्का जमा हुआ था। शरीर के नीचे हिस्से*




से ऊपरी हिस्से में खून का थक्का गया था। इसके बाद धमनी और लंग्स में इंफेक्शन हुआ और कार्डियक अरेस्ट से मौत हुई है। प्रतिक यादव के शरीर में कुल 6 चोट के निशान थे, जिसमें 3 निशान 6-7 दिन पुराने जबकि 3 चोट करीब 1 दिन पुरानी थी। सूत्रों की माने तो डॉक्टर्स का कहना है की जो चोट 1 दिन पुरानी है। उससे मौत नहीं हो सकती लेकिन चोट कैसे लगी 1 दिन पहले ये भी बड़ा सवाल है और किन हालात में लगी, डॉक्टर्स का पैनल इसकी भी समीक्षा कर रहा है।

### दिल और सांस की प्रक्रिया अचानक से हुई बंद

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया कि मौत कार्डियोरेस्पिरेटरी कोलैप्स (दिल और सांस की प्रक्रिया अचानक बंद होने) की वजह से हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इसका कारण शरीर में बड़े पैमाने पर पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म (फेफड़ों की नसों में खून का थक्का जमना) पाया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पूरे हृदय और फेफड़ों से जुड़े थ्रोम्बोएम्बोलिक पदार्थ को आगे की हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए फॉर्मेलिन में सुरक्षित रखा गया है। वहीं, विसरा (शरीर के अंदरूनी अंगों के नमूने) को केमिकल एनालिसिस के लिए सुरक्षित रखकर संबंधित अधिकारी को सौंप दिया गया है। प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ तौर पर लिखा गया है कि शरीर पर मिले सभी चोट के निशान एंटेमॉर्टम (मौत से पहले के) हैं। बता दें कि प्रतीक यादव का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। 38 वर्षीय प्रतीक अचानक बीमार पड़ गए और उन्हें तड़के सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### फिटनेस के शौकीन थे प्रतीक..

एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद, फिटनेस के शौकीन प्रतीक सक्रिय राजनीति से दूर रहे थे। उनकी पत्नी अपर्णा बिष्ट यादव भाजपा की नेता हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# डां. बिसेन को आम लोगों का सीधा जुड़ाव ही बनाये हुये है लोकप्रिय..

## डां. ढालसिंह बिसेन के 74 वें जन्मदिवस पर पत्रकार संजय सिंह का विशेष आलेख..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रदेश की राजधानी भोपाल से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक आम लोगो की आवाज बुलंद करने वाले पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने राजनीति के पाँच दशक पूर्ण कर लिये है ।***

अब उनका छठवां दशक प्रारंभ है राजनीति के इस लंबे सफर में कई उतार चढ़ाव आये किंतु आम लोगो से उनका जुड़ाव सतत बना रहा और आज भी बना है । यह आम लोगों का जुड़ाव ही है कि वे कोई पद पर हो या न हो लोग अपनी समास्याओं के समाधान का विश्वास लेकर बेधक उनके पास चले जाते है। स्वभाव में शालीनता ऐसी है कि वे संबंधित के दुःख दर्द को केवल सुनते ही नहीं बल्कि उसके निवारण का भी प्रयास करते है। डां. बिसेन का यही स्वाभाव उन्हें आम जनता में लोकप्रिय बनाये हुये है। कई विभागो के मंत्री, वित्त आयोग के अध्यक्ष और सांसद जैसे पदों पर रहते हुये अपने दायित्वों का कुशल निर्वाहन करने वाले डां. बिसेन आज की स्थिती में पदों से काफी ऊपर हो गये है।

सरल, सौम्य और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आज 74 वां जन्मदिन है। डॉ. बिसेन का जन्म 14 मई 1952 को कल्चुरी राजाओं द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक मंदिरों के ग्राम आष्टा से लगे एक छोटे से गांव पिपरिया में प्रतिष्ठित किसान स्व. सेवकराम जी बिसेन एवं स्व.श्रीमती सोनाबाई बिसेन के यहां हुआ। करीब 22 साल की उम्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। डॉ. बिसेन की चुनावी यात्रा की शुरूआत वर्ष 1976 में पंच के चुनाव से हुई और इसके 14 वर्ष बाद वर्ष 1990 में बरघाट विधानसभा का चुनाव जीतकर प्रदेश की राजनीति में पदार्पण किया। बरघाट विधानसभा से लगातार चार बार विधायक चुने गये। परिसीमन के कारण बरघाट विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हो गया जिसके कारण पार्टी द्वारा उन्हें वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 में केवलारी विधानसभा से टिकिट दी गई किंतु दोनों बार जीत संभव नहीं हो सकी। पार्टी द्वारा उनकी योग्यता और अनुभव का उपयोग वर्ष 2019 में सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र की टिकिट देकर किया गया। इस लोकसभा चुनाव में दो लाख से भी अधिक मतों से चुनाव जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया।

डॉ. बिसेन का राजनैतिक सफर काफी लम्बा है। राजनीति के बारे में आम लोगों की यही धारणा होती है कि यह कोयला की कोठरी की भांति होती है, इससे निकलने वाला कुछ न कुछ कालिख लेकर ही बाहर आता है। शुचिता की राजनीति को अपना ध्येय बनाकर चलने के कारण ही इतने लम्बे राजनैतिक जीवन में उमा जी की सरकार से लेकर बाबूलाल जी गौर की सरकार में वन, परिवहन, खनिज सहित विभिन्न विभाग के मंत्री और शिवराज सरकार में म.प्र.वित्त आयोग के अध्यक्ष रहने के बावजूद उन पर भ्रष्टाचार का दाग तो दूर एक छींटा भी नहीं लगा। विधायक और सांसद का भी कार्यकाल बेदाग रहा। वन मंत्री रहते हुए उनके द्वारा बनाई गई हरा पत्ता (तेंदूपत्ता) नीति का परिणाम आज सबके सामने है। इस नीति का अनुसरण बाद में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों ने किया। इसी तरह शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने कन्या सायकिल योजना और यूनिफार्म योजना बनाई जो आज भी भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है।



जीवन के हर एक मुकाम पर संघर्षशील एवं संवेदनशीलता का परिचय देने वाले डॉ. बिसेन को विकास पुरूष कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने चार टर्म के विधायक कार्यकाल के दौरान अपनी विधानसभा के लोगों की जरूरतों को जाना और वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को समझा और उसके अनुरूप विकास का खांका खींचा। डॉ. बिसेन की दूरर्शिता का ही परिणाम है अक्सर सूखाग्रस्त घोषित रहने वाला समूचा बरघाट ब्लॉक आज धान के अलावा अन्य फसलों का लाभ लेकर फल फूल रहा है। कांचना मंडी जलाशय भी डॉ. बिसेन के सोच का नतीजा है जिससे साढ़े तीन हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित करने का लक्ष्य के अलावा बरघाट नगर के लिए जलावर्धन योजना के माध्यम से जल संकट का हमेशा के लिए दूर होना हैं।

आज भले ही डॉ. बिसेन किसी पद पर नहीं है किन्तु राजनीति में सक्रिय तौर से बने हुए है। अपने सांसद के कार्यकाल में उन्होंने अधोसंरचना विकास के सिवनी एवं बालाघाट जिले में जो भी काम स्वीकृत कराये थे उन्हें शुरू कराने एवं जो कार्य बजट के या किसी कारणवश पूरे नहीं हो पाये उन्हें पूरा कराने के लिए सतत प्रयासरत है। डॉ. बिसेन का मानना है कि जिस जनता ने उन्हें अपना स्नेह दिया उन पर विश्वास किया तब उनका भी दायित्व बनता है कि वे जन भावनाओं को शिरोधार्य करें और विश्वास पर खरे उतरे। उनका यह भी मानना है कि विकास के लिए किसी पद की नहीं बल्कि सामर्थ्य और योग्यता की जरूरत होती है।

### पासपोर्ट कार्यालय..

सिवनी जिलेवासियों को पासपोर्ट बनवाने के लिये भोपाल के चक्कर लगाना पड़ता था समय भी नष्ट होता था और रूपया भी । वर्ष 2019 में सांसद बनने के बाद डां. बिसेन ने सिवनी मुख्यालय मे पासपोर्ट कार्यालय खुलवाने का प्रयास शुरू कर दिया। नीतिगत निर्णय अनुरूप एक संसदीय क्षेत्र मे एक ही पासपोर्ट कार्यालय खुल सकता था। यहां डॉ. बिसेन के अनुभव और लगन का ही कमाल है कि आज जिले मे पासपोर्ट कार्यालय है और भोपाल की भाग-दौड़ से जिलवासियों को मुक्ति मिल गई है।

### सेंट्रल स्कूल एवं एफ. एम.

जिले में मात्र दो सिवनी एवं लखनादौन में सेन्ट्रल स्कूल है । जिले की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिती के हिसाब से चार सेन्ट्रल स्कूल होना चाहिये थे । डां. बिसेन ने इस जरूरत को महसूस किया और प्रयास कर बरघाट के ग्राम जैवनारा में सेन्ट्रल स्कूल की स्वीकृति दिला दी थी । बालाघाट जिले के तिरोड़ी मे एक एक सेन्ट्रल स्कूल भी उन्होंने ही स्वीकृत कराया था । सिवनी मे 100 वॉट का एफएम. रेडियो रिले सेन्टर भी प्रारंभ हो चुका है, जिसकी स्वीकृति का श्रेय भी डां. बिसेन को जाता है।

### सड़को का जाल..

कोहका से बंडोल 43 किलोमीटर लागत करीब 108 करोड़ कार्य प्रगतिरत इस टू लेन मार्ग से छिंदवाड़ा से जबलपुर की दूरी जहां कम होगी वहीं फुलारा टोल प्लाजा से भी निजात मिल जायेगी। यही नहीं इस मार्ग मे पडने वाले सभी ग्रामों को भी सीधी आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम भोंगाखेड़ा से छुआई - घोटी - जाम - रामगढ़ से चौरई तक लागत 89 करोड़ की सड़क जिसका काम जारी है । इन बड़ी एवं महत्वपूर्ण सड़को के अलावा कलारबांकी से कान्हीवाड़ा, सोनाडोंगरी से खमरिया सहित अन्य सड़क मार्ग भी हरहरपुर में बैनगंगा नदी, हिर्री नदी पर दो उच्च स्तरीय पुल सहित फोरलेन में तीन फुट ओवर ब्रिज एवं सर्विस रोड, अन्य छोटी दूरी की सड़के सहित अनेक निर्माण कार्य डां. बिसेन के सांसद कार्यकाल का ही नतीजा है। प्रधानमंत्री संड़क योजना फेस तीन अंतर्गत सिवनी एवं बरघाट विधानसभा क्षेत्र की अनेक सड़को का चौड़ीकरण भी करवाया। इसके अलावा बरघाट नाका रेल्वे क्रासिंग के ओवर ब्रिज सहित सिवनी बालाघाट फोरलेन मार्ग के लिये डां. बिसेन की मांग पर तत्कालीन एवं वर्तमान सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वर्ष 2023 में बालाघाट एवं मंडला प्रवास के दौरान घोषणा भी कर दी थी। विभागीय अधिकारियों द्वारा डीपीआर भी तैयार कर ली गयी थी किंतु डां. बिसेन का कार्यकाल खत्म होने के बाद निर्माण एजेंसी एमपी आर डी सी ने डीपीआर बदलकर डूंडासिवनी बायपास से बालाघाट तक की नयी डीपीआर बना ली है जिससे बरघाट रोड रेलवे क्रासिंग पर बनने वाला ओवर ब्रिज की संभावना समाप्त हो गयी है जिसके लिये डां. बिसेन लगातार पत्राचार कर रहे है एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक इस संबंध में विस्तृत चर्चा कर चुके है। अब जरूरत है वर्तमान जनप्रतिनिधियों की जो अगर दबाव बनायेंगे तो बरघाट रोड रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बन सकता है।

### फ्लाई ओवर, ओवर ब्रिज..

अपने सांसद कार्यकाल के प्रारंभिक वर्षो में ही डां. बिसेन ने फोरलेन निर्माण मे आने वाली सारी बाधायें दूर की जिसका परिणाम है एशिया का सबसे बड़ा और सुंदर साउंड एंड लाईट प्रुफफ्लाई ओवर युक्त मार्ग मिला। इसी के साथ सिवनी को खैरीटेक से नगझर तक फोरलेन मार्ग के साथ नागपुर रोड रेल्वे क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज स्वीकृत ही नहीं कराया बल्कि 126 करोड़ रूपये का बजट भी दिलाया, जिसका कार्य प्रारंभ है । रेल्वे क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज की मांग भी वर्षो पुरानी थी जिसके लिये डां. बिसेन का भागीरथी प्रयास हमेशा याद रखा जायेगा

### रेल्वे पर विशेष फोकस..

बतौर सांसद उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार की अधोसंरचना विकास योजनाओं को स्वीकृत कराया। डां बिसेन के सांसद बनने के पहले सिवनी रेल्वे स्टेशन का जो स्वरूप था उनके सांसद बनने के बाद पूरी तरह बदल गया आज एन एस जी 6 की श्रेणी में आने वाला रेलवे स्टेशन यात्री सुविधाओं में बी श्रेणी के स्टेशन को मात कर रहा है तथा चार प्लेटफार्म होने से लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। नागपुर रोड की रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज और सीलादेही से नगझर तक फोरलेन का निर्माण की सौगात डां. बिसेन के खाते में ही जाती है। बालाघाट के रेलवे स्टेशन की भी भविष्य में जो सुंदर तस्वीर सामने आने वाली है वह डां. बिसेन के संसदीय कार्यकाल के प्रयासों का ही नतीजा है । बालाघाट कटंगी मार्ग में कुछ फ्लाई ओवर चालू हो गये है तथा कुछ का निर्माण पूर्णता की ओर है। आने वाले समय में जब रेल्वे स्टेशन सिवनी एवं बालाघाट के सभी निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेंगे तो उसकी तस्वीर ही बदल जायेगी भविष्य में सिवनी रेलवे स्टेशन जंक्शन भी बन सकता है । डां. बिसेन की मांग पर सिवनी से तिरोड़ी नई रेल लाईन हेतु सर्वे हो चुका है और अब गेंद वर्तमान सांसद के पाले में है।

### रैक पाइंट एवं नया बायपास..

सिवनी का व्यापार बढ़े और किसानों को उपज का अन्य शहरों के बाजारों से उचित दाम मिले इसके लिये उन्होने रेक प्वाइंट स्वीकृत कराया। रैक पॉइंट से आज सिवनी के व्यपारियों का व्यापार जहां बढ़ रहा है वहीं जिले के अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित दाम मिल रहा है। रसायनिक खाद, सीमेन्ट, लौहा के रैक आने का जहां मार्ग प्रशस्त हुआ है वहीं गिटटी एवं अन्य मटेरियल परिवहन की भी स्वीकृति उन्होंने ही दिलाई थी । रैक पाइंट बनने से नगर को एक नया बाईपास भी मिला है ।

### बधाई एवं शुभकामनायें..

मानवीय संवेदनाओं के प्रति अजेय आस्था, सादगी और सहजता के धनी, कर्म के प्रति गंभीर दृष्टिकोण, जनसेवा के लिये समर्पण, आपने दायित्वों के प्रति निष्ठा का भाव ही डॉ. ढालसिंह बिसेन को वर्तमान राजनैतिक परिवेश में एक अलग ही पहचान देता है। लम्बे राजनैतिक सफर में अनेक उपलब्धियों की सौगात देने वाले डॉ. ढालसिंह बिसेन को उनके 74 वां जन्मदिवस पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनायें, इस अपेक्षा के साथ कि भविष्य मे भी वे मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुये अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें और अपने राजनैतिक सफर मे जिले को उसके वर्तमान और भविष्य की अनेक उपलब्धियां दें।

# विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनौरा में 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया बाबू



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक***

लोकायुक्त मनोज सिंह के मार्गदर्शन में जबलपुर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही की गई। आवेदक देवेंद्र कुमार सिरसाम पिता लखन लाल सिरसाम उम्र 43 साल निवासी ग्राम छुई तहसील जिला सिवनी की शिकायत पर आरोपी अरुण कुमार कुमरे पिता शिवचरण कुमरे उम्र 42 वर्ष पद सहायक ग्रेड 3, स्थापना शाखा कार्यालय विकासखंड अधिकारी धनौरा जिला सिवनी को 13/5/2026 को 10000 रु (दस हजार रु) की रिश्वत लेते विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनोरा जिला सिवनी में रंगे हाथों पकडा गया। आवेदक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनवारा विकासखंड धनोरा जिला सिवनी में भृत्य के पद पर पदस्थ है इसके पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमगढ़ विकासखंड छपारा में पदस्थ था जहां उसे निलंबित कर दिया गया था तथा बहाली के उपरांत वर्तमान पदस्थापना पर पदस्थ किया गया था।

14 माह की निलंबन अवधि के जीवन निर्वाह भत्ता लगभग 165000 के लिए कार्यालय विकासखंड अधिकारी धनोरा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 अरुण कुमार कुमरे से मिला जिसके द्वारा आवेदक से 32000 रुपए की रिश्वत की मांग जा रही है। जिसकी शिकायत आवेदक ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर को किया। शिकायत सत्यापन के दौरान अनावेदक आवेदक से 25000 रू. की रिश्वत राशि लेने के लिए तैयार हो गया। आज दिनांक 13/ 05/ 2026 को आरोपी अरुण कुमार कुमरे सहायक ग्रेड 3 कार्यालय विकासखंड अधिकारी धनोरा जिला सिवनी को आवेदक से 10000 रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7, 13 (1) **B** 13 (2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रेप दल सदस्य..

टी एल ओ निरीक्षक जितेंद्र यादव, निरीक्षक बृज मोहन नरवरिया एवम् लोकायुक्त जबलपुर का दल।

# 20000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया सहायक उप निरीक्षक..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लोकायुक्त***

मनोज सिंह के मार्गदर्शन में जबलपुर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही की गई। आवेदक नंदकिशोर चौरसिया पिता चंदन लाल चौरसिया उम्र 54 साल निवासी ग्राम छितापार, थाना कुरई जिला सिवनी द्वारा अपने बेटे अभिषेक चौरसिया को नौकरी दिलाने एवं सरकारी विभाग में गाड़ी लगाने का झांसा देकर फर्जीवाडा एवं ठगी होने पर उसके द्वारा थाना कोतवाली में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। नंदकिशोर चौरसिया जब एफआईआर के संबंध में जानकारी लेने के लिए जांच अधिकारी दिनेश रघुवंशी कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली, से मिले तो दिनेश रघुवंशी द्वारा सही रिपोर्ट बनाने एवं फर्जी सिग्नेचर की जांच करवाने के ऐवज में 30000 रु रिश्वत की मांग की जा रही थी, आवेदक द्वारा बातचीत करने पर अनावेदक दिनेश रघुवंशी 20000 रुपए रिश्वत लेने तैयार हो गया। आज दिनांक 13.05.26 को आरोपी दिनेश रघुवंशी कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली को आवेदक नंदकिशोर चौरसिया से 20000 रू. की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7, 13 (1) **B**,13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रेप दल सदस्य..

दल प्रभारी नीतू त्रिपाठी उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक राहुल गजभिए, टी एल ओ निरीक्षक शशिकला मस्कुले, सदस्य निरीक्षक राहुल गजभिए, उप निरीक्षक शिशिर पांडेय एवम् लोकायुक्त जबलपुर का दल। लोकायुक्त संगठन द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। आमजन से अपील है कि कोई अधिकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग करे, तो कार्यालय एवं दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह जी की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मो.- 8817448039

### आज जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व त्रि-विभागीय मंत्री, प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत राज के प्रेरणा श्रोत, जिले में जलावर्धन योजना के सूत्रधार जिले के सर्वमान्य कांग्रेस नेता जन जन के प्रिय स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह जी की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 14 मई 2026, दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी इंदिरा भवन सिवनी में स्वर्गीय श्री ठाकुर हरवंश सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। तत्पश्चात जिला युवा कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा वृद्धा आश्रम पहुंचकर वृद्ध जन को फल वितरण कर स्वर्गीय ठाकुर साहब जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी,निर्वाचित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सभी मोर्चा विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, मंडलम सेक्टर कांग्रेस के अध्यक्ष ग्राम एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पदाधिकारी सहित सभी कांग्रेस जनों से उपस्थिति हेतु अपील की है।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट गोंदिया एवं सिवनी से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# कान्हीवाड़ा में भीषण सड़क हादसाः शादी समारोह से लौट रही महिला को ट्राला ने रौंदा, दर्दनाक मौत..



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उत्सव पैलेस के सामने बुधवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है।***

एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्राला ने स्कूटी सवार महिला को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही हृदयविदारक मौत हो गई। हादसे में स्कूटी पर सवार एक अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है।

### पाइप से लदा ट्राला शरीर के ऊपर से गुजरा..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मटिया टोला निवासी अनुसुइया उईके अपने एक परिजन के साथ स्कूटी पर सवार होकर एक शादी समारोह से वापस लौट रही थीं। जैसे ही वे कान्हीवाड़ा स्थित उत्सव पैलेस के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक पाइप से लदे ओवरलोड 6 चक्का ट्राला ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राला की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके सभी छह टायर महिला के शरीर के ऊपर से गुजर गए। इस भयावह हादसे में महिला का शरीर पूरी तरह पिस गया और घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### परिजनों में कोहराम, एक घायल जिला अस्पताल रेफर..

दुर्घटना में स्कूटी सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय सिवनी पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे की खबर मिलते ही मटिया टोला में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस की कार्रवाई..

घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पाइप से लदे उक्त ट्राला को जब्त कर लिया है और चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव

मो. 94258-22975


# क्या बालाघाट में संगठन को कमजोर कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके भी भाजपा में जाने की तैयारी में..

### मृतप्राय कांग्रेस में की गई सांगठनिक नियुक्तियो पर भी खड़े हो रहे प्रश्न..

### एक ही व्यक्ति को चार पद दिया जाने के साथ ही विधायक अनुभा मुंजारे की भूमिकाएं भी सवालो के घेरे में..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने किसानों को 3100 रुपये धान का समर्थन मूल्य घोषित किया था, लेकिन चुनाव के बाद ढाई साल होने को आए हैं, लेकिन सरकार ने वादा पूरा नहीं किया। आम जनता से वादाखिलाफी के अनेक आरोपों के साथ भाजपा कटघरे में है, लेकिन बालाघाट जिले में कांग्रेस के विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार के मंत्रीयों को गुलदस्ते भेंट करने के***

दौर चल रहे हैं, जिसका परिणाम है कि विपक्ष अब कहीं दिखाई ही नहीं दे रहा है, तथा ऐसी चर्चाएं होने लगी है कि जिस तरह से कांग्रेस के अनेक विधायक भाजपा में प्रवेश कर चुके हैं, वहीं आने वाले चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये बालाघाट जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्ष संहित सभी पदेन विधायक भी भाजपा में प्रवेश के लिये प्रयासरत हैं, और यही कारण कि विधायकों और कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा विपक्ष के नाम पर की जाने वाली औपचारिकताओं से भी दूर भागने का प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में कांग्रेस संगठन को पहले भी वैसे ही पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत ने गर्त में डाला हुआ था, तथा पूर्व सांसद भगत बालाघाट में भाजपा के मंत्री रहे गौरीशंकर बिसेन को लाभान्वित करने वाली राजनीति करते थे, वहीं इसके बाद जिलाध्यक्ष पद पर आदिवासी समाज को महत्व देने की सोच के चलते संजय उईके को महत्व दिया गया, जबकि संजय उईके की सोच बैहर विधानसभा क्षेत्र से अधिक कभी थी नहीं, और जब संजय उईके जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने तो उन्होंने भी संगठन जिलाध्यक्ष के रुप में सिर्फ औपचारिकताएं निभाने का कार्य किया, तथा संगठनों को कांग्रेस के विधायकों के अनुरुप संचालित करने का प्रयास किया, इसका परिणाम यह हुआ कि जब दुबारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव कराने की बात हुई तो फिर सभी विधायकों ने संजय उईके पर आस्था प्रकट कर दी, और फिर एक बार संजय उईके को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बना दिया गया, और इस तरह से संगठन जिस स्थिति में था, उस स्थिति पर ही मानो जम सा गया है।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रुप में संजय की भूमिका संगठन को कमजोर करने वाली..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिये आवश्यक है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिये प्रयास करें, लेकिन देखा जाए तो बालाघाट जिले में आम आदमी पार्टी के आंदोलनों और आयोजनों में जो उपस्थिति नजर आती है, वही कांग्रेस के कार्यक्रमों में नजर आती है। कांग्रेस की चिंता करने वाले अनेक जमीनी कार्यकर्ता इस बात को स्वीकार करते हैं कि पिछले ढाई साल में 10-20 भी नए लोगों का कांग्रेस में प्रवेश नहीं हुआ, तो कैसे कांग्रेस संगठन मजबूत होगा। जनसमस्याओं को लेकर विपक्ष के नेता के रुप में जिस तरह से आंदोलनों और जनता की लड़ाई लड़ने की जरुरत है, उसके लिये ठोस प्रयास बिल्कल नहीं हो रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके अधिकांश बैहर में रहते हैं, और बैहर से बालाघाट आने पर उनका ठिकाना सिर्फ एक दो नेताओं के साथ बैठक तक सीमित हो जाता है, जबकि बूथ लेबल तक कांग्रेस पदाधिकारियों को चार्ज कर संगठन विस्तार के लिये जो प्रयास किये जाने चाहिये, संजय उईके के उस दिशा में भी कोई होते दिखाई नहीं देते।

### और अब संगठन में की गई नियुक्तियों को लेकर भी असंतोष..

गौरतलब है कि एक तरफ संजय उईके खुद निष्क्रिय नजर आते हैं, वहीं उन्होंने सांगठनिक रुप से फौज भी कमजोर बनाई हुई है। हाल ही में कांग्रेस संगठन में नियुक्तियां की गई, लेकिन कांग्रेस के अनेक जमीन से जुड़े कांग्रेस नेताओं को संगठन सूची में कहीं किसी पद पर नहीं देखा गया, जबकि संजय उईके पर आरोप लग रहा है कि उन्होंने जिला संगठन में एक ही व्यक्ति को चार पद दे दिये, जिससे की असंतोष और व्याप्त होता दिखाई दे रहा है। सबसे अधिक चर्चा कांग्रेस में शफकत खान को लेकर की जा रही है, जिनके पास वर्तमान में एक-दो नहीं बल्कि चार-चार महत्वपूर्ण पद बताए जा रहे हैं। इनमें जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव, निर्वाचन शाखा प्रकोष्ठ प्रभारी, विधायक प्रतिनिधि और नगरीय निकाय प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष का पद शफकत खान के पास है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्या संगठन में योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं की इतनी कमी हो गई है कि एक ही व्यक्ति को लगातार कई पद सौंपे जा रहे हैं? आरोप लगाए जा रहे हैं कि संजय उईके के नेतृत्व में संगठन कुछ सीमित लोगों के इर्द-गिर्द सिमटता जा रहा है और अधिकांश फैसले भी सिर्फ चंद लोगों के साथ बैठकर लिये जा रहे हैं।

### जब विधायक बोल चुकी मुझे फैसला लेना पड़ेगा..

गौरतलब है कि हाल ही में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार से वाद विवाद करते हुए विधायक अनुभा मुंजारे ने भरी मीटिंग में वरिष्ठों की उपस्थिति में मुझे कड़ा फैसला लेना पड़ेगा की चेतावनी दे डाली थी, इससे यह तो साफ है कि विधायक अनुभा मुंजारे केदिमाग और मन में भविष्य में कांग्रेस से किनारा करने की मंशाएं चल रही हो सकती है, तथा इस स्थिति में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि यदि अनुभा मुंजारे के मन में ऐसा कुछ चल रहा होगा तो फिर कांग्रेस को कमजोर करके उनकी भविष्य की राजनीतिक नैया पार होगी, इसलिये उनकी सलाह और उनकी चाहतों से कांग्रेस को कितना फायदा और कितना नुकसान होगा, यह सोचना और इसका आंकलन जिला कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते संजय उईके को होना चाहिये, लेकिन कहा जाता है कि संजय उईके अनुभा मुंजारे से डरते और दबते हैं, इसलिये वे सारे फैसले अनुभा मुंजारे के अनुरुप ही कर रहे हैं, और इससे अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में असंतोष उबर रहा है।

### संजय उईके को करना होगा संगठन का विस्तार..

गौरतलब है कि यदि वास्तव में भविष्य में कांग्रेस को पूरी ताकत से संभालने और मजबूत बनाने की विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके की मंशा है तो कांग्रेस चिंतकों की राय के अनुरुप जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रुप में संजय उईके को जल्द ही कांग्रेस संगठन का विस्तार करने की दिशा में प्रयास करना चाहिये, तथा एक ही पद पर चार लोगों की बजाए अन्य लोगों को भी संगठन में कार्यक्षमता के अनुरुप दायित्व दिये जाने चाहिये, ताकि संगठन विस्तार की ताकत कांग्रेस संगठन को मजबूत बना सके, और इसका लाभ आगामी समय में कांग्रेस संगठन को मिल सके।

माना जा सकता है कि बतौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके पार्टी के प्रति ईमानदार सोच रखते हैं तो उनसे कार्यकर्ताओं की संगठन विस्तार की चाहत लाजमी ही है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस के विधायक विपक्ष की भूमिका की बजाए गुलदस्ते भेंट करने की राजनीति कर रहे हैं, और इस तरह के कार्यों को संजय उईके मौन स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं, तो इससे उनके राजनीतिक ईरादों पर भी प्रश्न तो खड़े होंगे ही।

आने वाले समय में संजय उईके कैसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं, तथा उनका अगला कदम क्या होगा, देखने वाली बात होगी।

स्व. कमलादेवी वैद्य की पुण्य स्मृति में

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर 21 मई को..

### चिन्हित मरीजों की कि जायेगी फ्री एंजियोग्राफी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय वीरा केंद्र बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में स्व. श्रीमती कमला देवी वैद्य की द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस पर 21 मई 2026, गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पार्श्वनाथ भवन, मेन रोड बालाघाट में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में हृदय रोग, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, नेत्र रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। शिविर में ईसीजी, शुगर जांच, बी.पी. जांच, सीबीसी जांच एवं नेत्र जांच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। जांच के दौरान चिन्हित गंभीर हृदय रोगियों की फ्री एंजियोग्राफी सुविधा भी सहयोग हॉस्पिटल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र मरीजों को नि:शुल्क उपचार संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था भी शुरू की गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग समय पर अपना पंजीयन करा सकें। शिविर के आयोजन में वीर कैलाश शर्मा (सचिव), वीरा अलका चौधरी (सचिव महिला केंद्र) एवं विक्रम त्रिवेदी सचिव यूथ केंद्र तथा सहयोग हॉस्पिटल गोंदिया के प्रतिनिधि सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने जिलेवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर के माध्यम से उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लेने की अपील की है।






# कलेक्टर मृणाल मीना ने की कृषि, उद्यानिकी, मत्स्योद्योग एवं पशुपालन विभाग की योजनाओ की समीक्षा

### योजनाओं के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश



जगप्रेरणा बालाघाट।

जिले में कृषि एवं ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 13 मई को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्योद्योग एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों को योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित क्षीरधारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने हिरण्यगर्भा अभियान के अंतर्गत गौशालाओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं बधियाकरण की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना एवं राष्ट्रीय पशुधन विकास कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मत्स्योद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान मत्स्य बीज उत्पादन एवं उसकी उपलब्धता की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मत्स्य बीज किसानों तक समय पर पहुंचाया जाए, ताकि जिले में बड़े स्तर पर मत्स्य पालन को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कृषकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि को विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन 'आत्मा' योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले के अधिक से अधिक किसानों का जे-फॅार्म एप पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए एकीकृत बागवानी विकास कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने तथा किसानों को योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# नीट पेपर लीक के विरोध में बालाघाट में आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर केन्द्रिय शिक्षा मंत्री के खिलाफ की जमकर नारेबाजी




जगप्रेरणा बालाघाट।

***देशभर में चर्चित नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी द्वारा बालाघाट शहर के कालीपुतली चौक में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और युवा***

शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो, पेपर लीक माफ्यिाओं को गिरफ्तार करो÷, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक होना बेहद गंभीर मामला है और इससे लाखों मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है।

आप नेता रजनीश नायडू ने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे युवाओं का सरकार पर भरोसा टूटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत और सपनों पर पानी फेर देती हैं। आप नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार और लापरवाही से मुक्त करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले समय में युवाओं का आक्रोश और बढ़ेगा। उन्होंने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए कालीपुतली चौक पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा और स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखा।

प्रदर्शन के अंत में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की मांग की। कार्यक्रम में पार्टी के कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट का बारहवीं परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



जगप्रेरणा बालाघाट।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने बताया कि विद्यालय के वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया गया है, वाणिज्य संकाय में इस वर्ष कुल 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ सफ्लता प्राप्त की। वहीं विज्ञान संकाय में 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 31 विद्यार्थी सफ्ल रहे तथा 2 विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुई। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफ्लता प्राप्त की। वाणिज्य संकाय में कु. मीनल अग्रवाल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मास्टर पलाश खोंगल ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कु. रिया कांकरिया ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में कु. हिमानी हरिनखेरे ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मास्टर केशव नंदन बघेल ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं कु. रागिनी गौतम ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की 36वीं किश्त की राशि

## बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 240 लाडली बहनों के खाते में पहुंची 50.11 करोड़ रुपये की राशि

## बहनों के खातो में पहुंची 15-15 सौ रुपए की राशि

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 मई को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि अंतरित की।***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 36 वीं किश्त के रूप में 1835 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई है। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 240 लाड़ली बहनों के खाते में 50 करोड़ 11 लाख 37 हजार 100 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सीधा प्रसारण दिखाया गया। लाड़ली बहना योजना की 36 वीं किश्त के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैहर की 19 हजार 443 बहनों के खाते में 02 करोड़ 42 लाख 52 हजार 500 रुपये, विकासखंड बालाघाट की 37 हजार 305 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 63 हजार 200 रुपये, विकासखंड बिरसा की 26 हजार 963 बहनों के खाते में 03 करोड़ 94 लाख 37 हजार 100 रुपये, विकासखंड कटंगी की 34 हजार 663 बहनों के खाते में 05 करोड़ 03 लाख 79 हजार 900 रुपये, विकासखंड खैरलांजी की 31 हजार 266 बहनों के खाते में 04 करोड़ 56 लाख 70 हजार 500 रुपये, विकासखंड किरनापुर की 38 हजार 351 बहनों के खाते में 05 करोड़ 61 लाख 87 हजार रुपये, विकासखंड लालबर्रा की 37 हजार 232 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 84 हजार 500 रुपये, विकासखंड लांजी की 38 हजार 174 बहनों के खाते में 05 करोड़ 58 लाख 98 हजार 700 रुपये, विकासखंड परसवाड़ा की 22 हजार 125 बहनों के खाते में 03 करोड़ 20 लाख 57 हजार 400 रुपये एवं विकासखंड वारासिवनी की 32 हजार 891 बहनों के खाते में 04 करोड़ 77 लाख 97 हजार 200 रुपये की राशि जमा हुई है।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका बालाघाट की 8813 बहनों के खाते में 01 करोड़ 26 लाख 84 हजार 600 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5812 बहनों के खाते में 83 लाख 46 हजार 300 रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3752 बहनों के खाते में 53 लाख 91 हजार 600 रुपये, नगर परिषद बैहर की 2651 बहनों के खाते में 37 लाख 54 हजार 500 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2415 बहनों के खाते में 35 लाख 02 हजार 500 रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2384 बहनों के खाते में 34 लाख 29 हजार 600 रुपये की राशि जमा हुई है।

# स्वास्थ्य, खेल एवं कल्याण विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न..









जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा 'उमंग' स्वास्थ्य एवं कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में***

आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन बुधवार, 13 मई 2026 को सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी का विषय ÷स्वास्थ्य, कल्याण एवं आधुनिक विश्व के लिए खेल÷ रहा। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलब उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री राजाराम चक्रवर्ती, डॉ. डी.के. राणा रायपुर, सिविल सर्जन निलय जैन, महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मराठे तथा कार्यक्रम समन्वयक पी.एस. कातुलकर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। संगोष्ठी के दौरान कनाडा से डॉ. समर ई. भागीरथी तथा ऑस्ट्रेलिया से डॉ. पूनम चौहान ने ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान दिए। इसके अलावा डॉ. डी.के. राणा रायपुर, सुशील पटवा, सुनील दत्त लखेरा, डॉ. ऋषिकेश पटेल, अधीर घोड़ेश्वर, रोशनी टेम्भरे तथा शोधार्थी मोहित मौर्य ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार झरबड़े ने सहभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, खेल अधिकारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय परिवार, जिले के खेल अधिकारियों तथा खेल प्रेमियों का विशेष योगदान रहा।

# बघोली में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या..







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***थाना क्षेत्र के ग्राम बघोली में बुधवार को एक 58 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।***

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रुपलाल कोहरे के रूप में हुई है। बताया गया कि उन्होंने अपने घर में ऊपर जाने वाली सीढ़ी के रास्ते पर नायलॉन की रस्सी से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में प्रार्थी भागचंद नेवारे ने पुलिस को बताया कि सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे, जहां रुपलाल कोहरे का शव फंदे पर लटका मिला। इसके बाद थाना परसवाड़ा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 13/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक द्वारा की जा रही

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# चार धाम यात्रा पर पं. श्री राजेश पाठक परिवार सहित रवाना, आध्यात्मिक यात्रा को बताया आत्मशांति का माध्यम







जगप्रेरणा बालाघाट।

***समाजसेवी एवं जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. श्री राजेश पाठक परिवार सहित धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा पर रवाना हुए। वे हरिद्वार, काशी विश्वनाथ एवं केदारनाथ धाम सहित विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन कर देश***

की सनातन परंपरा, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। उनके यात्रा पर रवाना होने के अवसर पर समाज के लोगों, शुभचिंतकों और परिचितों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

बताया जाता है कि पं. श्री राजेश पाठक लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष के रूप में सामाजिक एकता, धार्मिक जागरूकता और समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन करते रहे हैं। ऐसे में उनकी चार धाम यात्रा को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने तथा समाज के कल्याण की भावना से जोड़ा जा रहा है।

यात्रा के दौरान पं. श्री राजेश पाठक सबसे पहले हरिद्वार पहुंचेंगे, जहां मां गंगा के तट पर पूजा-अर्चना एवं गंगा आरती में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे। इसके बाद परिवार सहित केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन करेंगे और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की प्रार्थना करेंगे।

पं. श्री राजेश पाठक ने यात्रा पर रवाना होने से पूर्व कहा कि धार्मिक यात्राएं व्यक्ति को आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन के प्रति नई सोच प्रदान करती हैं। आज के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में ईश्वर के प्रति आस्था एवं आध्यात्मिक चिंतन मनुष्य को मानसिक बल देने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं को निकट से जानने और समझने का अवसर भी है। परिवार के सदस्यों ने भी यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया और इसे ईश्वर की कृपा बताया। यात्रा के दौरान सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज, जिले एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी।

## पं. श्री राजेश पाठक का वक्तव्य

÷चार धाम यात्रा मेरे लिए केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने का अवसर है। जीवन की भागदौड़ के बीच जब व्यक्ति ईश्वर के चरणों में पहुंचता है, तो उसे नई शक्ति, सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन प्राप्त होता है। मैं परिवार सहित हरिद्वार, काशी विश्वनाथ और केदारनाथ धाम में दर्शन कर जिले, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना करूंगा। मेरी मान्यता है कि सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराएं हमें मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश देती हैं, जिन्हें जीवन में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।÷

# महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनी कार्यशाला आयोजित..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में विशेष कानूनी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला***

कलेक्टर मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत गुड शेफर्ड संस्था द्वारा विकासखंड बिरसा के गर्राटोला स्थित मोनफोर्ट विद्यालय, विकासखंड बैहर के ग्राम कदला तथा हीरापुर बैगाटोला आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न अधिनियमों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर कानूनी अपराध है। यह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा में बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि इसमें शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। अधिकारियों ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

इसके साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन् निवारण अधिनियम की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा कानूनी सहायता संबंधी जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय कैडेट कोर के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 'सीएटीसी-95' का समापन बुधवार, 13 मई 2026 को बालाघाट के गोंगलई स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।***

शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 439 कैडेटों ने सहभागिता की। शिविर के सफल आयोजन में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, सहायक आयुक्त शकुन्तला डामोर तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई के प्राचार्य का विशेष सहयोग रहा। कैडेटों के लिए दस दिनों तक परिसर उपलब्ध कराया गया। समापन अवसर पर शिविर संचालक विनीत कमल गुप्ता ने कैडेटों को एकता एवं अनुशासन का महत्व बताते हुए जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण, अनुशासन तथा धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण का विकास करता है, जिससे उनमें राष्ट्रसेवा की भावना मजबूत होती है। शिविर के दौरान पुलिस विभाग द्वारा कैडेटों के लिए वाहन एवं निशानेबाजी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। प्रतिदिन योग साधना का आयोजन तनु काटेकर द्वारा कराया गया। साथ ही विभिन्न विषयों पर विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुए, जिनमें राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आपदा प्रबंधन, जबलपुर सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सेना भर्ती प्रक्रिया, परमाणु ऊर्जा संबंधी जानकारी, बैंकिंग व्यवस्था तथा प्राथमिक उपचार जैसे विषय शामिल रहे।

शिविर में कटंगी, वारासिवनी, बिरसा, बैहर, मलाजखंड तथा बालाघाट क्षेत्र के कैडेटों ने सहभागिता की। शिविर को सफल बनाने में मेजर हेमंत कुमार मंडाले, राजेन्द्र सिंह कुसराम, गजानन कटरे, श्रवण बोदेले, कल्पना थोंबरे, धीरेंद्र दत्त आर्या, सूबेदार तरसेम सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# व्हाट्सएप स्टेटस पर लिखा - 'नहीं है जिंदा रहने की आरजू' और दो मासूमों को साथ लेकर कूंए में कूदा पिता..

### गमछे से बंधे पिता पुत्र का पुलिस ने बरामद किया शव.. देखने वालों की आंखें हुई नम, हर कोई रह गया स्तब्ध..

जगप्रेरणा कटंगी।

*कटंगी थाना अंतर्गत 15 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत कटंगी के ग्राम जराहमोहगांव के गोंडी टोला में एक दिल दहला देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ बीमा एजेंट के रुप में कार्य करने वाले एक पिता ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुंए में कूदकर सामूहिक आत्महत्या कर ली।*









इस आत्मघाती कदम को उठाने से ठीक पहले युवक ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर बेहद निराशाजनक संदेश लिखा– 'नहीं है जिंदा रहने की आरजू...'। इस दर्दनाक घटना की खबर मिलते ही पूरे जराहमोहगांव सहित आसपास के क्षेत्र में सन्नाटा और मातम पसर गया है।

### मासूमों को खुद से बांधकर कुंए में लगाई छलांग

मिली जानकारी के मुताबिक, गोंडी टोला निवासी श्री श्याम नागेन्द्र (36 वर्ष) ने रात्रि के समय इस खौफनाक आत्महत्या को अंजाम दिया। श्याम ने कुएं में कूदने से पहले अपने दो मासूम बच्चों– पुत्र वंश नागेन्द्र (उम्र 05 वर्ष) और पुत्री भुवी नागेन्द्र (उम्र 03 वर्ष) को एक गमछे के सहारे अपने शरीर से कसकर बांध लिया। इसके बाद उसने बच्चों सहित गांव के एक गहरे कुएं में छलांग लगा दी। रात के अंधेरे और गहरे पानी में डूबने के कारण तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### व्हाट्सएप स्टेटस देखकर परिजनों को हुआ शक..

बताया जा रहा है कि घटना वाली रात जब परिजनों ने श्याम नागेन्द्र का व्हाट्सएप स्टेटस देखा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। स्टेटस पर मौत और निराशा से जुड़ी बातें लिखी देख तथा युवक के रात को घर वापसी नहीं करने वाले परिजनों को किसी अनहोनी का गहरा अंदेशा हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना कटंगी थाना पुलिस को दी। पुलिस और ग्रामीणों ने रात में ही युवक और बच्चों की तलाश शुरू की, जिसके बाद सुबह गांव के कुएं में तीनों के शव एक साथ तैरते हुए पाए गए।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा..

सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से भारी मशक्कत के बाद तीनों शवों को कुंए से बाहर निकाला। पुलिस ने शवों का पंचनामा बनाकर उन्हें पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए कटंगी नगर मुख्यालय स्थित शासकीय सिविल अस्पताल रवाना किया गया।

### घटनास्थल पर उमड़ा जनसैलाब, हर आंख हुई नम..

हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही जराहमोहगांव के गोंडी टोला और आसपास के इलाकों से सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। पिता के शव के साथ बंधे दो मासूम बच्चों के शवों को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। गांव में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं देखी गई थी, जिससे हर कोई स्तब्ध है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सभी एंगल्स से कर रहे जांच मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खुद इस घटना की जांच कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा एवं कटंगी थाना निरीक्षक धर्मेंद्र कुशराम द्वारा दल-बल के साथ घटनास्थल का मुआयना किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस टीम पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव और आर्थिक स्थिति सहित तमाम संभावित एंगल्स को आपस में जोड़कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### पत्नी एवं परिवारजनों का रो रोकर बूरा हाल..

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस जब शवों को कूंए से बाहर निकाल रही थी, तो यह दृश्य देखकर हर कोई स्तब्धता के साथ दुखी हो गया। वहीं इस घटनाक्रम के बाद मृतक युवक की पत्नी एवं पुरे परिवार में मातम छा गया। पुरे परिवारजनों का रो रोकर बूरा हाल है। देखते ही देखते चंद पलों में एक हंसता खेलता परिवार उजड़ गया। एक ही परिवार में एक पिता और दो मासुम बच्चों की मौत के इस मामले में आखिर किन कारणों से युवक ने आत्महत्या की, और क्यों अपने साथ साथ दोनों बच्चों को भी मार डाला, यह सवाल खड़ा हो रहा है, तथा पुलिस इस मामले में जांच के बाद क्या सामने लाती है, देखने वाली बात होगी।

# तरुण लिल्हारे हत्याकांड में अब दुल्हन बनी प्रेमिका को पुलिस ने किया गिरफ्तार..

### साजिश का किया खुलासा.. शादी में बुलाकर हत्या के षडयंत्र को दिया अंजाम..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

छह साल पुरानी प्रेम कहानी का अंत इतना दर्दनाक होगा, यह शायद किसी ने नहीं सोचा था। जिस युवती को पाने के लिए तरुण लिल्हारे हर मुश्किल पार करने को तैयार था, उसी ने अपनी शादी की रात उसके लिए मौत का जाल बिछा दिया। बालाघाट जिले का चर्चित तरुण हत्याकांड अब एक दिल दहला देने वाली साजिश के रूप में सामने आया है। पुलिस ने मामले में मृतक की कथित प्रेमिका और दुल्हन बनी सविता लिल्हारे को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो नाबालिग भतीजों को बाल सुधार गृह भेजा गया है। अब इस हत्याकांड में आरोपियों की संख्या 8 हो चुकी है।

### आओ.. मुझे यहां से भगा ले जाओ..

बताया जा रहा है कि खैरलांजी निवासी 23 वर्षीय तरुण लिल्हारे और सविता लिल्हारे के बीच पिछले छह वर्षों से प्रेम संबंध थे। लेकिन परिवार की सहमति न मिलने पर सविता की शादी कहीं और तय कर दी गई। 5 मई की रात, जब घर में शादी की रस्में चल रही थीं और सविता दुल्हन के जोड़े में सजी बैठी थी, उसी दौरान उसकी तरुण से लगातार फोन पर बातचीत हो रही थी। सविता ने तरुण को शादी समारोह में बुलाया और साथ भाग चलने की बात कही। प्रेम में डूबा तरुण रात करीब 10 बजे घर से निकला। उसे अंदाजा भी नहीं था कि जिस प्रेमिका से मिलने जा रहा है, वह उसे साथ भागने के लिये नहीं बल्कि दुनिया से ऊपर भिजवाने के लिये उसे बुलवा रही है।

### मंडप से मौत तक का सफर..

तरुण जैसे ही शादी स्थल पहुंचा, दुल्हन के भाइयों की नजर उस पर पड़ गई। इसके बाद विवाद बढ़ा और तरुण को मंडप से दूर ले जाया गया। वहां लाठी-डंडों और मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि हत्या के बाद भी शादी की रस्में जारी रहीं। एक तरफ कुछ दूरी पर तरुण का शव पड़ा था, दूसरी ओर सविता सात फेरे ले रही थी। माहौल शांत होने के बाद शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई गई।

### सड़क हादसा दिखाने की कोशिश..

पुलिस जांच में सामने आया कि सविता के दो नाबालिग भतीजों ने शव को बाइक पर रखकर गर्राबोड़ी-मुरझड़ मार्ग के पास फेंका। शव को निर्वस्त्र कर सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की गई ताकि मामला दुर्घटना लगे। लेकिन पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी उजागर कर दी।

### पुलिस ने खोला राज..

रामपायली पुलिस ने 8 मई को मामले का खुलासा करते हुए सविता के सगे भाई वेदप्रकाश और हरिप्रकाश लिल्हारे, चचेरे भाई दिलीप और कमलकिशोर लिल्हारे सहित पड़ोसी योगेश वरकड़े को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब 12 मई को मुख्य साजिशकर्ता मानी जा रही सविता लिल्हारे को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। यह प्रेम कहानी अब जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है–जहां प्यार, भरोसा और इंतजार आखिरकार मौत की साजिश में बदल गया।






# बगीचे के भीतर चारो तरह मॉर्निंग में वाकिंग करने वालो के लिए बन रहा गट्टू वाला वाकवे.. प्रदीप जायसवाल..

### पटरी पर दौडती टाय ट्रेंन मे बच्चो की खुशियों की किलकिलारीयो को देखकर जनप्रतिनिधी भी हुये प्रसन्नचित







जगप्रेरणा वारासिवनी।

*नगर के प्रसिद्ध गांधी बाल उद्धान का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने अधिकारियों की टीम के साथ निरिक्षण किया।*

जिसमें गार्डन में नये स्वरूप के विषय मे नीतिगत फैसले लिए गए। गौरतलब है की गर्मी के मौसम मे प्रात व शाम के समय उद्धान मे बच्चो की भारी भीड व पंसदीदा जगह होने के कारण जनप्रतिनिधीयो ने इसके स्वरूप को नया रूप देने का प्रयास किया है।

### स्वास्थ्य धन को जानने वालो ने की सराहना..

निरिक्षण के पश्चात पूछे जाने पर प्रदीप जायसवाल ने बताया की गांधी बाल उद्धान मे प्रात व शाम के समय वाकिंग करने वाले नागरिको की संख्या मे तेजी से इजाफा होते देखा जा रहा है। अत अब उनकी सुविधा के मद्देनजर सबसे पहले बगीचे के चारो ओर मॉर्निंग वॉक,ईवनिग वाक करने वालो के लिये चारो तरफके गार्डन पाथ को गट्टू से सुसज्जित कर प्रकाश व्यवस्था को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। और इस निर्णय की स्वास्थ्य धन को पहचानने वाले नागरिको ने खुलकर सराहना भी की है।

### दो बडे घास के लान सौदर्यीकरण को देंगे बढावा..

साथ ही बगीचे के पीछे के दो बड़े हिस्से को घास के लॉन में परिवर्तित कर उसकी बाउंड्री को फूलों की क्यारी से सजावट करने की दिशा में भी कदम बढाये जा रहे है। इन घास के मैदान के निर्माण के पश्चात एक बडा हरा भरा परिसर उक्त उद्धान की सुदरंता को भी बढावा देता नजर आयेगा।

### बच्चो की टाय ट्रेन आज भी बनी हुयी है प्रमुख आकर्षण..

एक सवाल पर उन्होने कहा की गर्मी के मौसम मे अपने दादा, मामा व विभिन्न रिश्तेदारो के यहा आये महानगरो के बच्चे भी इस गार्डन को घूमने का हिस्सा बन रहे है। बच्चो का प्रथम आकर्षण विभिन्न प्रकार के झूले साबित हो रहे है। अत बच्चो की खुशियो को देखते हुये अब इस उद्धान मे बच्चों के झूलों को दुरस्त कर नए प्रकार के आधुनिक झूलों को भी ऋय करने का निर्णय नपा परिषद द्वारा लिया गया।


### रेल की सीटी बजते ही बच्चे दौड पडते है स्टेशन मे..

उद्धान का सबसे बडा आकर्षण बच्चो की टाय रेल आज भी बनी हुयी है। रंग बिरंगी यह टाय रेल जब अपनी पटरी पर सीटी बजाते हुये उद्धान के भीतर चलती है तो बच्चो की किलकिलारीया इस आकर्षण की सफ्लता की गाथा कहते हुये प्रतित होती है। स्वयं जनप्रतिनिधीयो ने निरिक्षण के दौरान ही जिले की पहली बच्चों की टॉय ट्रेन को छुक छुक करके चलते देख और नन्हे मुन्नों की किलकारियों को ट्रेन में देख सुखद अहसास होने की बात भी कही है। गौरतलब है की उक्त रेल के लिये बकायदा उद्धान के भीतर ही रंगबिरंगी एक स्टेशन भी बनाया गया है।


### आर्थिक अभाव वाले बच्चे भी रेल मे करते है सफर..

दूसरी ओर टॉय ट्रेन में गरीब बच्चों को आर्थिक अभाव में बैठने देते है की नही ? इस विषय को भी गुड्डा भैया के द्वारा प्राथमिकता दी गयी। और गरीब बच्चे भी निशुल्क रूप से रेल मे भृमण करते है यह चेक करने के बाद ही गुड्डा भैया निरिक्षण के बाद गांधी बाल उद्धान से देर शाम को पूरी टीम के साथ बाहर निकले।

# आइडियल पब्लिक स्कूल चंदौरी का सीबीएसई कक्षा बारहवी का परीक्षा परिणाम रहा शानदार









### विज्ञान संकाय में लवी बाहेश्वर और वाणिज्य संकाय में अनुष्का बोकड़े ने प्राप्त किया प्रथम स्थान..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

*आज घोषित किये गये सीबीएसई कक्षा बारहवी बोर्ड परिक्षा सत्र 25 -26 मे आइडियल पब्लिक स्कूल चंदौरी के विद्वार्थीयो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।*

विद्यार्थियों की मेहनत, विषय शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय प्रबंधन के सतत प्रयासों का शानदार परिणाम इस वर्ष देखने को मिला। गौरतलब है की दसवी के बाद बारहवी मे भी इस विधालय का परिक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहने से विशेषकर अभिभावकगणो मे हर्ष का विषय देखा जा रहा है।

आज के परिणामो मे विज्ञान संकाय में लवी बाहेश्वर (91.6 प्रतिशत), श्रेया मेश्राम (88.2 प्रतिशत), प्राची घोडेश्वर (86.8), अर्श सतदेवे (86.6), प्रिंस खांडेकर (83.8), अचिंत्य झा (80.6), पूजा अडे (79.4), श्रस्ती बिसेन (79.4), अरुषि बोकड़े (78.4), आरोही मेश्राम (76.8), शिरीष वासनिक (74.4), खानक मेश्राम (72.8), शौर्य बासिने (72), अफ्फ़ि कुरैशी (71 प्रतिशत), माही दुबे 70 प्रतिशत ने उत्कृष्ट सफ्लता प्राप्त की। इसी तरह वाणिज्य संकाय में अनुष्का बोकड़े (77.4 प्रतिशत) एवं रिद्धिमा चित्रिव (77.2 प्रतिशत) ने शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. दयावंता राउत एवं संचालक अब्दूल रब कुरैशी ने सभी विद्वार्थीयो, विषय शिक्षको, एवं अभिभावको को बधाई देते हुये कहा है की सभी की मेहनत और समर्पण आज सफ्ल हुयी है। विधालय परिवार सफ्ल विद्वार्थीयो के उज्जवल भविष्य की कामना भी करता है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# चले महाविद्यालय की ओरः श्री लक्ष्मीकांता महाविद्यालय में प्रथम चरण का प्रवेश हुआ प्रारंभ




जगप्रेरणा लांजी।

***म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया समय सारणी अनुसार प्रारंभ हो चुकी है***

इसके अंतर्गत लाँजी क्षेत्र के श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफटेक्नालॉजी लांजी में निम्न पाठ्यक्रम बी.एस.सी जीवविज्ञान, बी.एस.सी कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी.एस.सी गणित, बी.एस.सी कम्प्यूटर साइंस, बी.कॉम प्लेन, बी.कॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी.ए. प्लेन, बी. ए. कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं एम. एस. सी. रसायनशास्त्र व प्राणीशास्त्र प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रारम्भ है। प्रवेश के इच्छुक आवेदकों को समय सीमा में प्रवेश केवल पोर्टल के माध्यम से ही किया जावेगा। ऑनलाईन प्रविष्टि में महाविद्यालयवार/ पाठ्यक्रम/ विषय-समूह/ विषयवार विकल्प देना अनिवार्य हैं। विद्यार्थी प्रवेश के लिए महाविद्यालयों का नाम देवे जिससे किसी न किसी महाविद्यालय में प्रवेश मिल सके। प्रथम चरण में छात्राओं के लिए निःशुल्क पंजीयन व्यवस्था भी महाविद्यालय में उपलब्ध कराई गई हैं।

## ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया..

प्रथम चरण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक होगा। दस्तावेजों का सत्यापन 02 मई 2026 से 16 मई 2026 तक होगा तथा महाविद्यालय सीट आवंटन जारी एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान 20 मई 2026 से 26 मई 2026 तक होगा।

श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी लांजी में बी. एस. सी जीवविज्ञान, बी. एस. सी कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी. एस. सी गणित, बी.एस.सी कम्प्यूटर साइंस, बी.कॉम प्लेन, बी.कॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी.ए. प्लेन, बी. ए. कम्प्यूटर एप्लीकेशन, एवं एम. एस. सी. रसायनशास्त्र व प्राणीशास्त्र पाठ्यक्रम संचालित है। महाविद्यालय में स्वयं का भवन, निःशुल्क पुस्तकालय, आधुनिक कॉम्प्यूटर प्रयोगशाला, जीवविज्ञान प्रयोगशाला, वनस्पतिशास्त्र प्रयोगशाला, रसायनशास्त्र प्रयोगशाला, प्रोजेक्टर, मार्डन क्लासेस, नियमित कक्षाएँ, कैरियर गाईडेन्स अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन आदि सुविधाओं के साथ ही गांव की बेटी योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सेन्ट्रल सेंक्टर छात्रवृत्ति, आवास योजना, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति आदि छात्रवृत्ति जो म.प्र. शासन द्वारा ही साथ ही सरकारी महाविद्यालय में मिलने वाली समस्त छात्रवृत्तियों का लाभ भी इस संस्थान में मिल रहा हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल गुणवत्ता परीक्षण प्रशिक्षण





जगप्रेरणा किरनापुर।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधवार, 13 मई 2026 को स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में देवगांव, हिर्री एवं किरनापुर सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पेयजल जांच की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का संचालन ब्लॉक समन्वयक श्रुति डहाटे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुल 74 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान सभी कार्यकर्ताओं की एफ्टीके उपयोगकर्ता पहचान भी तैयार की गई, जिसमें हरीश झा, शीतल मिश्रा एवं रानी सिंह राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर कार्यकर्ताओं को प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी में घुले विभिन्न तत्वों की पहचान करने की विधि समझाई गई। प्रशिक्षण में पानी के पीएच मान, फ्लोराइड, आयरन तथा कठोरता जैसे प्रमुख मानकों की जांच करना सिखाया गया महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी जागृति बघेल ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के पेयजल स्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार, मानसून से पहले एवं बाद में अनिवार्य रूप से जांच करें।

प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वयं रुचि लेकर अपने-अपने क्षेत्रों से लाए गए पेयजल स्रोतों की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी मजबूत होगी तथा आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं गांवों में बच्चों एवं नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट से शीतल मिश्रा, हरीश झा, रानी सिंह राजपूत, श्रुति डहाटे एवं फ्नीश रंगारे सहित महिला एवं बाल विकास विभाग किरनापुर की पर्यवेक्षक मंजूलता बिसेन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में परियोजना अधिकारी जागृति बघेल का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम किरनापुर के होनहार विद्यार्थी ऋषभ भीमटे ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***अत्यंत हर्ष और गर्व है कि ग्राम किरनापुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थी ऋषभ भीमटे ने MPSET परीक्षा में भूगोल विषय से सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।***

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर आज महाविद्यालय परिवार की ओर से ऋषभ भीमटे का सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। महाविद्यालय परिवार सदैव ऐसे विद्यार्थियों के साथ खड़ा है, जो विषम परिस्थितियों के बावजूद अपनी शिक्षा और सपनों को निरंतर आगे बढ़ाने का साहस रखते हैं। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं सहयोग देना भी है। चर्चा के दौरान ऋषभ भीमटे ने अपनी संघर्षपूर्ण तैयारी यात्रा साझा की, जो वास्तव में अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय है। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के पश्चात आयोग द्वारा मॉडल उत्तर जारी होने पर महाविद्यालय से डॉ. तीरथ सिन्हा द्वारा उन्हें दावा-आपत्ति हेतु आवश्यक स्रोतों सहित उत्तर तैयार करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने ऋषभ भीमटे को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन प्रदान किया। यह सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# बिसोनी में 2.7 करोड़ की नल जल योजना अधूरी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पेयजल

जगप्रेरणा लांजी।

शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई नल-जल योजनाएं कई स्थानों पर अब भी अपेक्षित लाभ नहीं दे पा रही हैं। जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी में भी ऐसी ही स्थिति सामने आई है, जहां अधूरे कार्य, तकनीकी समस्याएं और बढ़ते बिजली बिल के कारण ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल सुविधा नहीं मिल पा रही है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 में ग्राम बिसोनी में लगभग 2.7 करोड़ रुपये की लागत से नल-जल योजना स्वीकृत हुई थी। योजना के अंतर्गत बड़ी पानी टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन कुछ छोटी टंकियों का कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। वहीं कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा बताया जा रहा है, जिसके चलते अनेक वार्डों तक नियमित जलापूर्ति नहीं पहुंच पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना प्रारंभ होने के समय घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से नियमित पानी उपलब्ध कराने की उम्मीद जगी थी, लेकिन वर्तमान में कई इलाकों में नल सूखे पड़े हैं। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और अधिक गहरा गया है, जिससे लोगों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि योजना के संचालन में विद्युत संबंधी दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। मोटर संचालन और विद्युतीकरण कार्य पूरी तरह व्यवस्थित नहीं होने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं बिजली बिल का बढ़ता भार भी पंचायत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासन को पत्र भेजकर अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, तकनीकी समस्याओं के निराकरण तथा जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए जाने की मांग की गई है।

# फेसिंग तार से टकराई मोटर साइकिल, युवक गंभीर घायल..





जगप्रेरणा लांजी।

***सड़क पर सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी खुर्द के पास 13 मई को एक मोटर सायकिल अनियंत्रित होकर***

खेत की फेसिंग तार से जा टकराई, जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि उसने हेल्मेट पहन रखा था, जिससे उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के भंडारपुर निवासी शेर सिंह पिता अमृतलाल पारधी (25 वर्ष) अपने साथी शिवा पिता गुलाब पारधी (15 वर्ष) के साथ मोटर सायकिल से बिझंलगांव से लांजी की ओर आ रहा था। इसी दौरान कुम्हारी खुर्द ग्राम के समीप सामने से आ रहे एक चौपहिया वाहन की तेज रोशनी के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और मोटर सायकिल सड़क किनारे लगे खेत के फेसिंग तार से जा भिड़ी। हादसे में शेर सिंह के दाएं पैर में दो जगह फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिफर कर दिया। घायल शेर सिंह ने बताया कि यदि उसने हेल्मेट नहीं पहना होता तो हादसा और भी भयावह हो सकता था। उसने कहा कि हेल्मेट की वजह से उसकी जान बच गई, हालांकि पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं बाइक में पीछे बैठा उसका साथी शिवा पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और रात्रि के समय वाहनों की तेज रोशनी को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से अपर-डीपर का उपयोग करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

# रोड पार कर रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत..






जगप्रेरणा लांजी।

लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेडवा में मोटर सायकल में पेट्रोल भराकर रोड पार कर रहे एक युवक को एक कार ने टक्कर मार दी। हालांकि घटना के बाद वाहन चालक ने मानवता का परिचय देते हुए हादसे में घायल बुजुर्ग को उसी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया और उसके बाद अपने वाहन को थाना ले जाकर सुपुर्द कर दिया।

घटना में घायल हुए महेंद्र पिता चमारूलाल निकोसे को चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। घटना बुधवार 13 मई की शाम तकरीबन 5 से 5.30 बजे के बीच की है, बताया जाता है कि मोहझरी निवासी महेन्द्र पिता चमारूलाल निकोसे 55 वर्ष अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमएच 35 एडी 4446 से अपनी परिचित महिला मीराबाई पंद्रे के साथ मोहझरी से टेडवा एक विशेष धर्म की बैठक में शामिल होने आए थे। जहां से शाम को घर लौटने के दौरान उनके वाहन का पेट्रोल खत्म हो गया था। ग्राम टेडवा में ही एक दुकान से बॉटल में पेट्रोल लेकर रोड के दूसरी तरफ खड़ी अपनी मोटर सायकल के पास जा रहा था कि तभी बालाघाट से तेज रफ्तार में लांजी की ओर जा रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसके बाद कार चालक ने ही घायल महेंद्र को सिविल अस्पताल लांजी लाया, लेकिन उसे को बचाया नहीं जा सका। घटना के बाद से उनके साथ बैठक में पहुंची महिला बदहवास है, जो कुछ बताने की हालत में नहीं है। वहीं बताया जाता है कि कार क्रमांक एमपी 50 जेसी 2645 लांजी की है। मृतक महेन्द्र निकोसे का पीएम 14 मई को कराया जाएगा। लांजी पुलिस ने बतया कि शव बरामद कर मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। लांजी क्षेत्र में बीते 24 घंटे में दर्जन भर से ज्यादा लोगों के सड़क हादसे में घायल हो गए है और दो लोगों की मौत हो गई।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मामा-भांजा घायल ,वृद्ध गंभीर



जगप्रेरणा लांजी।

लांजी थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़के हादसे के बीच मंगलवार की रात तकरीबन 9.30 से 10 बजे के बीच, तेज रफ्तार ट्रेक्टर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकिल को टक्कर मार दी। जिससे, मोटर सायकिल में पीछे बैठे वृद्ध के बांय पैर के घुटने के पास चमड़ी को फाड़ती हड्डी बाहर निकाल गई। जबकि वाहन चला रहे नाबालिग को चोटें आई है। जिन्हें जानकारी के बाद एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल बसंत पिता नर्मदा पंद्रे 55 को प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिफर पर परिजन, पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया लेकर गए है। जबकि घायल युवराज पिता विजय पालेवार 17 वर्ष का सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना लांजी थाना क्षेत्र के कदमटोला की है, बताया जाता है कि मामा बसंत पंद्रे अपने भांजे समीर पालेवार के साथ विवाह समारोह में शामिल होने टेमनी से चिखलामाली जा रहे थे। इस दौरान ही कदमटोला में सामने से आ रहे एक ट्रेक्टर ने उनकी मोटर सायकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर ही वृद्ध बसंत पंद्रे के घुटने के पास पैर की हड्डी चमड़ी और पेंट को फाड़ते हुए बाहर आ गई। घायलो को एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल लाए जाने के बाद लांजी पुलिस भी अस्पताल पहुंची। हालांकि पुलिस ने बताया कि फिलहाल घायलों का उपचार चल रहा है, उपचार के बाद ही इनके बयान लेने के बाद ही घटना की जानकारी का पता चल पाएगा।

# खड़े वाहन से टकराई मोटर साइकिल..

## युवक की मौके पर मौत..






जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं, जिनमें युवाओं की जान जाने की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। मंगलवार देर रात 12 मई को लांजी थाना क्षेत्र के***

लांजी-आमगांव रोड स्थित कटंगी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की बाइक सड़क किनारे खड़े डेकोरेशन वाहन से जा टकराई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीमटोला निवासी विजय पिता राधेश्याम वाकड़े (25) मंगलवार दोपहर अपने एक परिचित को छोड़ने आमगांव गया था। परिचित को छोड़कर वह देर रात वापस अपने गांव लौट रहा था।

इसी दौरान कटंगी के पास सड़क किनारे खड़े डेकोरेशन वाहन क्रमांक एमएच 35 एजे 0209 से उसकी बाइक क्रमांक एमपी 50 जेडएफ9624 पीछे से जा भिड़ी। बताया जा रहा है कि डेकोरेशन वाहन में सामान भरा हुआ था और वह सड़क किनारे खड़ा था। तेज रफ्तार में आ रहे विजय को वाहन दिखाई नहीं दिया और वह सीधे वाहन से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और लांजी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने डेकोरेशन वाहन में मामूली तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया है तथा मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बुधवार 13 मई को युवक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद परिजनों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थानीय मोक्षधाम में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## नीट-यूजी परीक्षा 2026 रद्द-3 मई 2026 को आयोजित पेपर लीक, परीक्षा माफिया और एनटीए की विश्वसनीयता पर सबसे बड़ा संकट -व्यापक समग्र विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर भारत की शिक्षा व्यवस्था एक बारफिर ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है,जहां करोड़ों विद्यार्थियों का विश्वास,अभिभावकों की उम्मीदें और देश की प्रतिस्पर्धी परीक्षा प्रणाली की साख एक साथ कठघरे में खड़ी हो गई है। 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा रद्द किए जाने के फैसले ने पूरे देश में अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है।परीक्षा रद्द होने के पीछे कथित पेपर लीक,वायरल गेस पेपर, संगठित परीक्षा माफिया और प्रश्नपत्र के बड़े हिस्से के असली परीक्षा से मेल खाने के आरोपों ने शिक्षा जगत को झकझोर दिया है। केंद्र सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंप दी है,जबकि देश के अनेक शहरों में छात्र आंदोलन,प्रदर्शन और विरोध मार्च शुरू हो चुके हैं।दिल्ली से लेकर पटना,जयपुर, लखनऊ,भोपाल और कोटा तक विद्यार्थियों में गुस्सा साफदिखाई दे रहा है। लाखों छात्र यह सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर उनकी वर्षों की मेहनत का मूल्य क्या है, यदि परीक्षा प्रणाली ही सुरक्षित नहीं रह गई है। यह केवल एक परीक्षा रद्द होने की घटना नहीं है, बल्कि भारत की पूरी प्रतिस्पर्धी परीक्षा व्यवस्था पर गहरा अविश्वास पैदा करने वाला राष्ट्रीय संकट बन चुका है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि नीट-यूजी 2026 विवाद ने एक बार फिर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। पिछले लगभग पांच वर्षों में अनेक राष्ट्रीय परीक्षाओं को लेकर लगातार विवाद सामने आते रहे हैं। कभी पेपर लीक के आरोप लगे, कभी तकनीकी गड़बड़ियां हुई,कभी परीक्षा केंद्रों की अव्यवस्था पर सवाल उठे और कभी परिणामों की पारदर्शिता पर बहस छिड़ी। नीट, यूजीसी नेट, जेईई और कई भर्ती परीक्षाओं में समय-समय पर सामने आए विवादों ने यह धारणा मजबूत की है कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर खामियां मौजूद हैं। इस बार स्थिति इसलिए और अधिक विस्फोटक हो गई क्योंकि परीक्षा से ठीक पहले सोशल मीडिया, टेलीग्राम चैनलों और कुछ निजी नेटवर्कों पर एक कथित गेस पेपर वायरल हुआ था। बाद में जांच एजेंसियों द्वारा यह दावा सामने आया कि वायरल सामग्री के लगभग 120 से 125 प्रश्न वास्तविक प्रश्नपत्र से हूबहू मेल खाते थे। यदि यह दावा पूरी तरह सही साबित होता है, तो यह केवल लीक नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संगठित परीक्षा अपराध का उदाहरण माना जाएगा।

साथियों बात अगर हम साल 2018 में स्थापित नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का उद्देश्य को समझने की करें तो देश में प्रवेश परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी,आधुनिक और निष्पक्ष बनाना था। एजेंसी को तकनीक आधारित परीक्षा प्रणाली, डिजिटल निगरानी और केंद्रीकृत प्रबंधन के जरिए शिक्षा क्षेत्र में सुधार का बड़ा मॉडल माना गया था। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार एनटीए ने स्थापना के बाद 240 से अधिक परीक्षाओं का आयोजन किया, जिनमें 5.4 करोड़ से ज्यादा छात्र शामिल हुए।लेकिन उपलब्धियों के साथ-साथ विवादों की सूची भी लगातार बढ़ती गई। संसद में वर्ष 2024 में दिए गए सरकारी जवाब में यह स्वीकार किया गया था कि एनटीए को अब तक कम से कम 16 परीक्षाओं को स्थगित करना पड़ा। यह संख्या केवल प्रशासनिक चुनौतियों का संकेत नहीं देती, बल्कि यह बताती है कि भारत जैसी विशाल आबादी वाले देश में परीक्षा प्रबंधन कितनी जटिल और संवेदनशील प्रक्रिया बन चुका है।

साथियों बात अगर हम नीट- यूजी से जुड़ा विवाद इसको समझने की करें तो यह नया नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में कई बार इस परीक्षा कीविश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं। 2024 में भी नीट परीक्षा को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हुआ था, जब परिणामों में असामान्य अंक, ग्रेस मार्क्स,परीक्षा केंद्रों की अनियमितताएं और पेपर लीक के आरोपों ने राष्ट्रीय बहस का रूप ले लिया था। उस समय मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और केंद्र सरकार को व्यापक सफाई देनी पड़ी। हालांकि परीक्षा पूरी तरह रद्द नहीं हुई थी, लेकिन पूरे घटनाक्रम ने परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी थी। उसी वर्ष यूजीसी नेट 2024 परीक्षा को पेपर लीक की आशंकाओं के चलते रद्द करना पड़ा था। इससे पहले भी राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कई भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आ चुकी थीं। कई राज्यों में संगठित गिरोह करोड़ों रुपये लेकर उम्मीदवारों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने, सॉल्वर बैठाने और डिजिटल माध्यमों से परीक्षा में धोखाधड़ी कराने के आरोपों में पकड़े गए।

साथियों बात अगर हम पेपर लीक रोकने के लिए अधिनियम की करें तो लगातार बढ़ते विवादों और राष्ट्रीय स्तरपर हो रही आलोचना के बाद केंद्र सरकार ने 2024 में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट लागू किया,जिसे आम बोलचाल में एंटी पेपर लीक कानून कहा जाने लगा। संसद ने फरवरी 2024 में इस कानून को पारित किया और 21 जून 2024 से इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया। सरकार का तर्क था कि संगठित परीक्षा अपराध अब इतना बड़ा नेटवर्क बन चुका है कि केवल राज्य स्तरीय कानूनों से इससे निपटना संभव नहीं है।

इसीलिए राष्ट्रीय स्तर पर कठोर कानूनी ढांचा आवश्यक था।लेकिन अब सटीक विडंबना यह है कि इतने सख्त कानून के लागू होने के बावजूद नीट-यूजी 2026 जैसी देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के कारण रद्द करना पड़ा। इससे छात्रों और अभिभावकों के मन में सबसे बड़ा प्रश्न यही उठ रहा है कि आखिर वास्तविक मास्टरमाइंड कौन हैं और वे कानून से बच कैसे जाते हैं।एंटी पेपर लीक कानून के प्रावधान अत्यंत कठोर माने जाते हैं। इस कानून के तहत पेपर लीक, फर्जी परीक्षा संचालन, डिजिटल हैकिंग, सॉल्वर गैंग चलाना या उम्मीदवार की जगह किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा दिलाना गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया है। संगठित पेपर लीक गिरोह चलाने वालों को 5 से 10 वर्ष तक की जेल की सजा हो सकती है। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान भी रखा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र, आईटी कंपनी, प्रिंटिंग एजेंसी या अन्य सेवा प्रदाता की मिलीभगत सामने आती है, तो उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है और उनकी संपत्तियां भी जब्त की जा सकती हैं। कानून केंद्र सरकार को यह अधिकार भी देता है कि गंभीर मामलों की जांच सीबीआई जैसी एजेंसियों को सौंपी जा सके और विशेष अदालतों के माध्यम से तेज सुनवाई कराई जा सके। पहली नजर में यह कानून बेहद कठोर और व्यापक दिखाई देता है,लेकिनवास्तविक चुनौती कानून बनाने से अधिक उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है।

साथियों बात अगर हम विशेषज्ञों के राय को समझने की करें तो वे मानते हैं कि भारत में पेपर लीक अब केवल स्थानीय अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित आर्थिक उद्योग का रूप ले चुका है। इसमें शिक्षा माफिया कोचिंग नेटवर्क, तकनीकी विशेषज्ञ,साइबर अपराधी,प्रिंटिंग चैन से जुड़े लोग और कुछ भ्रष्ट प्रशासनिक तत्वों की संभावित मिलीभगत होती है। यही कारण है कि कई मामलों में जांच एजेंसियां छोटे स्तर के एजेंटों तक तो पहुंच जाती हैं, लेकिन वास्तविक मास्टरमाइंड तक पहुंचना बेहद कठिन साबित होता है। परीक्षा प्रक्रिया में प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसकी प्रिंटिंग, पैकेजिंग ट्रांसपोर्टेशन, डिजिटलट्रांसमिशन और परीक्षा केंद्रों तक वितरण की लंबी श्रृंखला होती है। यदि किसी एक स्तर पर भी सुरक्षा चूक हो जाए,तो पूरी परीक्षा खतरे में पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम डिजिटल योग की करें तो डिजिटल तकनीक ने जहां परीक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाया है, वहीं अपराधियों को भी नए हथियार दे दिए हैं। पहले पेपर लीक मुख्यतः फोटोकॉपी या भौतिक दस्तावेजों तक सीमित रहता था,लेकिन अब एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप टेलीग्राम चैनल, क्लाउड स्टोरेज और डार्क वेब जैसे माध्यमों का उपयोग बढ़ गया है। साइबर अपराधी मिनटों में हजारों लोगों तक प्रश्नपत्र पहुंचा सकते हैं।

जांच एजेंसियों के लिए यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि मूल स्रोत कहां था और जानकारी किस चैनल से फैली। कई बार गेस पेपर के नाम पर प्रश्नपत्र प्रसारित किए जाते हैं, जिससे कानूनी जांच और अधिक जटिल हो जाती है क्योंकि आरोपी यह तर्क देते हैं कि वह केवल संभावित प्रश्नों का संकलन था। लेकिन यदि बड़ी संख्या में प्रश्न वास्तविक परीक्षा से मेल खा जाएं, तो संदेह स्वतः गहरा जाता है।नीट-यूजी 2026 मामले में भी यही हुआ। परीक्षा से पहले कुछ ऑनलाइन समूहों में वायरल सामग्री को पहले सामान्य ÷गेस पेपर÷ माना गया, लेकिन बाद में जांच में कथित रूप से यह सामने आया कि 120 से अधिक प्रश्न वास्तविक पेपर से मेल खाते थे। यही वह बिंदु था, जिसने पूरे मामले को राष्ट्रीय संकट में बदल दिया। लाखों विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि कुछ उम्मीदवारों को परीक्षा से पहले अनुचित लाभ मिला। सोशल मीडिया पर कई छात्रों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की मेहनत और मानसिक तनाव के बाद यदि परीक्षा की निष्पक्षता ही समाप्त हो जाए, तो मेहनती छात्रों का भविष्य ग्रुप से असुरक्षित हो जाता है।

साथियों बात अगर हम इस पूरे विवाद का सबसे बड़ासामाजिक प्रभाव छात्रों की मानसिक स्थिति पर पड़ा है इसको समझने की करें तो,नीट जैसी परीक्षा केवल एक टेस्ट नहीं होती, बल्कि लाखों परिवारों के सपनों, आर्थिक निवेश और भावनात्मक संघर्ष से जुड़ी होती है। अनेक छात्र वर्षों तक कोचिंग लेते हैं, परिवार अपनी बचत खर्च करते हैं और छात्र अत्यधिक मानसिक दबाव के बीच तैयारी करते हैं। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल पुनर्परीक्षा नहीं होता,बल्कि यह छात्रों के आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं पर गहरा आघात होता है। कई छात्र पहले ही लंबे समय तक प्रतियोगी परीक्षाओं के तनाव से गुजरते हैं। ऐसे में पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं उनके भीतर व्यवस्था के प्रति भयंकर अविश्वास पैदा करती हैं।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक स्तरपर भी यह मुद्दा तेजी से उभर रहा है। इसको समझने की करें तो विपक्षी दल केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की जवाबदेही पर सवाल उठा रहे हैं। दूसरी ओर सरकार का कहना है कि कठोर कार्रवाई की जा रही है और दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। लेकिन जनमानस में यह धारणा मजबूत हो रही है कि हर बार परीक्षा रद्द होने के बाद केवल जांच और गिरफ्तारियों की खबरें आती हैं, जबकि कुछ समय बाद मामला धीमा पड़ जाता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ लगातार फास्ट ट्रैक न्याय की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। उनका मानना है कि जब तक दोषियों को त्वरित और सार्वजनिक सजा नहीं मिलेगी, तब तक परीक्षा माफिया का मनोबल नहीं टूटेगा।

साथियों बात अगर हम भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव भी इस समस्या की जड़ में मौजूद है इसको समझने की करें तो, नीट परीक्षा में हर वर्ष लाखों छात्र कुछ हजार मेडिकल सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। सीमित अवसर और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा परीक्षा माफिया के लिए बड़ा बाजार तैयार करते हैं। करोड़ों रुपये लेकर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने, सॉल्वर बैठाने और फर्जी उम्मीदवारों के माध्यम से सीट दिलाने का अवैध कारोबार इसी दबाव से फलता-फूलता है। जब सफलता और असफलता के बीच केवल कुछ अंक का अंतर हो, तब कुछ लोग अनुचित रास्ते अपनाने के लिए तैयार हो जाते हैं। यही वह सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति है, जिसने पेपर लीक उद्योग को बढ़ावा दिया है। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि केवल कठोर कानून पर्याप्त नहीं हैं। परीक्षा प्रणाली में तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों की भी अत्यंत आवश्यकता है।

प्रश्नपत्र निर्माण और वितरण प्रणाली को अधिक विकेंद्रीकृत तथा एन्क्रिप्टेड बनाना होगा। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए रियल टाइम डिजिटल ट्रैकिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी तंत्र का उपयोग बढ़ाना होगा। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को परीक्षा प्रबंधन का स्थायी हिस्सा बनाना आवश्यक है। साथ ही प्रिंटिंग और लॉजिस्टिक चैन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जवाबदेही स्पष्ट करनी होगी।इस पूरे विवाद ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है क्या भारत की परीक्षा प्रणाली अत्यधिक केंद्रीकृत हो चुकी है? जब करोड़ों छात्रों की परीक्षा एक ही एजेंसी के माध्यम से आयोजित होती है, तब किसी एक स्तर की विफलता का प्रभाव पूरे देश पर पड़ता है। कुछ विशेषज्ञ सुझाव दे रहे हैं कि परीक्षा प्रक्रिया को अधिक बहुस्तरीय और क्षेत्रीय रूप से सुरक्षित बनाया जाना चाहिए ताकि किसी एक बिंदु पर हुई चूक राष्ट्रीय संकट में न बदल जाए।

अतः अगर हम अपरूप पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने की घटना केवल एक प्रशासनिक असफलता नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास संकट का प्रतीक है जो धीरे-धीरे भारत की प्रतिस्पर्धी परीक्षा प्रणाली को घेर रहा है।

यदि देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्न उठते रहेंगे, तो इसका असर केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह सामाजिक न्याय, अवसर की समानता और युवाओं के भविष्य पर भी पड़ेगा। करोड़ों छात्र यह महसूस करने लगेंगे कि मेहनत से अधिक प्रभावशाली नेटवर्क और अवैध साधन निर्णायक बनते जा रहे हैं। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए अत्यंत खतरनाक है।


आज सटीक आवश्यकता केवल दोषियों की गिरफ्तारी की नहीं, बल्कि पूरे परीक्षा ढांचे के पुनर्मूल्यांकन की है। सरकार, जांच एजेंसियों, शिक्षा विशेषज्ञों, साइबर सुरक्षा संस्थानों और समाज को मिलकर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां परीक्षा केवल ज्ञान और योग्यता की प्रतिस्पर्धा बने, अपराध और माफिया नेटवर्क का मैदान नहीं। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो हर नई परीक्षा के साथ छात्रों के मन में एक ही प्रश्न उठेगा क्या इस बार भी पेपर लीक होगा? जो रेखांकित करना बहुत जरूरी है

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 165



ck;ì l nk;ì &1) जीवन निर्वाह 6) हिन्दूओं का एक महीना 8) जल – क्रीड़ा, जल में भ्रमण या सैर 12) सबेरा 14) पैर या पैर का प्रहार 15) लालच का परिणाम बुरा होता है अर्थ का एक शब्द प्रयोग 17) अर्थ 20) उदासी 21) नापना, जांचना, तौलना 22) जानवरों को घास खिलाने के लिये ले जाना 23) ओर 25) बच्चोंद्वारा किसी चीज को देने के लिये हठ करना, रीझना 28) पिता की बहन 29) सिर के बालों में होनेवाला एक सूक्ष्म कीटक 31) वास्तव में 33) कामदेव 36) पशुओं को चराने की भूमि 39) अशुद्ध 41) पत्नी की बहन 42) अनुराग, प्रेम, गाने की विशिष्ट ध्वनियां 43) दालान 45) ठन ठन शब्द होना 47) वर्ष 48) एक पक्षी 50) बंटवारा 52) शक्तिमान, पुष्ट, बड़ा 54) सुत्र, शृंखला 55) नजर 56) कुछ साल पहले इस अभिनेत्री को फिल्म 'पार' और 'खंडहर' के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था 58) पुरानी फिल्म अंत की पाकिस्तानी अभिनेत्री 60) सैर, भ्रमण 61) नव ग्रहों में एक 62) कृदृष्टि (उर्दू) 64) रामायण में वर्णित वह राक्षसी जो मुंह का जबड़ा अधिकाधिक बड़ा करके हनुमानजी को निगलना चाहती थी 66) लोग 67) डरपोक 68) गाय 69) तर्क, शास्त्रार्थ, झगड़ा 71) सूजी 72) चालीस सेर का पुराना बांट 74) ऊपर तक भरा हुआ 76) शिकायत (उर्दू) 78) तानने की क्रिया 80) मकबरा 82) शिरोमुकूट 84) मगज, नारियल के अंदर का गूदा 85) तेजी से बोलना या बड़ों के सामने ज्यादा बोलना अर्थवाला मुहावरा 87) वंश 89) साठ और दो की संख्या का 90) गायब, भागा हुआ 91) किसी विद्या में प्रवीण 92) एक रोग 93) अंगो के सूजने या फूलने की क्रिया 95) गंदगी 96) रहस्य का वह सूत्र जिससे अपराध या अपराधी का पता लगाया जा सके 97) रुदन करना 99) स्नानगृह 101) जीभ 103) सांप 104) हमारी लोकसभा के एक भूतपूर्व सभापति जो केन्द्रीय कृषीमंत्री भी रह चुके थे 107) पानी 108) एक मुगल बादशाह 109) सारिका 110) साथ रहनेवाले, साथी 112) आक्रमण (उर्दू) 114) सप्ताह के दिनों की संख्या 116) शतरंज की अंतिम चाल, गुप्त उकसावा 117) पंक्ति 118) आपत्ति 119) भारी 120) मेहनत के बाद लेटकर सुस्ती दूर करना अर्थवाला एक मुहावरा

Åij l uhp &1) दास 2) बतलाना, जाते जाते पुनः याद दिलाना 3) आफत 4) फिल्म निकाह की नायिका जो गायिका भी थी 5) कृति, तैयार करना 6) रामायण में वर्णित वह राक्षस जिसने स्वर्ण मृग का भेष बनाया था 7) डरना 8) जीत 9) प्रवीण, संगीत की परीक्ष पास करने पर दी जानेवाली एक उपाधि 10) एक विदेशी शराब 11) चरित्र 13) डंक मारनेवाला एक कीडा 16) ले आना 18) दीपा साही एवं ओम पुरी का यह पुराना दूरदर्शन धारावाहिक विवादास्पद हो गया था 19) ताकत 24) परशुराम का शस्त्र 26) व्यक्ति या वस्तु का संबोधनवाची शब्द 27) मर्दशुमारी 28) लकड़ी आदि का चुरा 30) किसी चीज का चाहनेवाला 32) 'अलिफ लैला' की चालीस चोरोंवाली कहानी के नायक का नाम 34) दरवाजे आदि के फटने, तड़कने से पड़नेवाली लकीर 35) दशा, पारी 36) चर्म 37) जिद 38) चार मनुष्यों का गूट 40) प्रकार, तरीका 44) श्रीलाल शुक्लद्वारा लिखित एक प्रसिद्ध उपन्यास पर दूरदर्शन धारावाहिक भी दिखाया जा चुका है 46) बनावटी 49) महोदय 50) एकान्तवास 51) शिष्टाचार 53) पुरुषों के पहनने का वस्त्र 55) देखना, ताकना 56) सप्ताह का एक दिन 57) सम्मान 59) अगणित, जिसकी गणना न की जा सके 60) एक देश जिसकी राजधानी हनाय है 63) एक स्थान पर न रहकर जगह जगह भटकनेवाला 64) धीरे धीरे जलना (लकड़ी का ) 65) वर्ष 70) धोखेबाज 73) कुदृष्टि लगना 75) हनुमानजी 77) एक रंग 79) जंगल में रहना 80) आधा भाग, खंड, पौधों का पत्ता 81) 'हवा हवा ए हवा खुशबु लुटा दे ....' इस गीत के गायक 83) कामचलाऊ या खुरहरा (अंग्रेजी) 86) बगीचा 88) पंजाब की एक प्रसिद्ध नदी 91) एक तरल धातु 93) निर्जन, सुनसान 94) बन्दर 96) सरलता, सहजता 97) इटली की राजधानी 98) अनुचित, अयोग्य, अवैध 99) दिल्ली के समीपस्थ हरियाणा का एक प्रसिद्ध शहर 100) सिक्खों का एक पंथ या धर्म 102) विद्रोही 103) व्यर्थ 105) आराम, सुख 106) दुष्ट 109) मध्य प्रदेश का एक प्रसिद्ध शहर जहां विन्ध्यवासिनी देवी की प्रतिमा है 111) ताकत 113) धूल 115) पर्यन्त 116) सन्देह(जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## मृतप्राय संवेदनाएं..

माना कि गर्मी बहुत है, लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि शाम ढलने के बाद भी घर से बाहर न निकले। सेवानिवृत्त बुजुर्ग लाठी टेकते हुए जब संध्या भ्रमण के लिए घर से बाहर निकले तो देखा कालोनी एकदम सुनसान है, सड़क या कालोनी में सड़क किनारे लगी कुर्सियां खाली पड़ी थीं। घर की चिल्लपों से उकता कर बेचारे बाहर निकले तो राम राम करनेवाला भी कोई दिखाई नहीं दिया। वो बुदबुदाए- क्या हो गया है जमाने को। घर तो घर बाहर भी घड़ी दो घड़ी बतियाने वाला कोई नहीं! क्या टीवी, मोबाइल का दीमक इन्सानियत को चट कर गया है? ऐसा नहीं कि सिर्फगर्मी मे यह हाल अरे ना भाई, किसी भी मौसम में यही आलम। हर घर के सामने से गुजरो तो टीवी की गूंजती आवाज, या मोबाइल में सिर खपाए बैठे लोग। किसी से किसी का दुखदर्द पूछने वाला कोई नहीं, हाँ मय्यत पर आनेवाले और वहाँ भी वापसी की जल्दी मचाने वाले ढेरों मिल जाएंगे।

क्या हो गया है लोगों की मानसिकता को। संवेदना आज कहाँ खो गई है। इन प्रश्नों के हल की तलाश एवं उसके निराकरण की आज जरूरत है। वरना, आनेवाले समय में रिश्ते, नाते, सम्बन्धों की हम परिभाषा भी नहीं बता पाएंगे।

**शशि तिवारी**

## मेरे साँसों में तू महक रही है..

मेरे साँसों में तू महक रही है,
देख ये धड़कन चहक रही है।

पास मेरे जो तू आती है समन,
लगता है साँसे ये दहक रही है।

तेरे चाँद से मुखड़े को देख के,
मेरी जिन्दगी भी लहक रही है।

तेरी बातों को सुन कर साजन,
दुनिया भी सारी बहक रही है।

**अनिल कसेर 'उजाला'**

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।





# रघुवंशी और रिंकू ने केकेआर को चार विकेट पर 192 रन तक पहुंचाया



रायपुर, (भाषा)।

***कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अंगकृष रघुवंशी (71 रन) की करियर की सर्वश्रेष्ठ अर्धशतकीय पारी और रिंकू सिंह के नाबाद 49 रन की मदद से बुधवार को यहां बारिश के कारण देर से शुरू हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)***

मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफचार विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। केकेआर के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष ने 46 गेंद की पारी के दौरान तीन छक्के और सात चौके लगाए। इस दौरान उन्होंने अहम साझेदारियां भी कीं जिससे टीम को जरूरी गति मिली जो उनके सलामी बल्लेबाज देने में नाकाम रहे थे।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच सवा घंटे देर से शुरू हुआ। आरसीबी ने पिच से मदद की उम्मीद में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच के मुकाबले इस बार तेज गेंदबाजों को कोई खास मदद नहीं मिली जिसमें नयी गेंद ने काफी प्रभाव डाला था। केकेआर के कप्तान अंजिक्य रहाणे (19 रन) ने पहले ओवर में भुवनेश्वर कुमार की पांच डॉट गेंदों के बाद एक चौका लगाया। इसके बाद दूसरे ओवर में फिन एलन (18) ने जैकब डफी की गेंद पर 14 रन ठोक दिए।

लेकिन आरसीबी ने जोरदार वापसी की। भुवनेश्वर ने एलन को विकेट के पीछे कैच करवाया। कुछ ही देर बाद चौथे ओवर में जोश हेजलवुड ने रहाणे को बाउंसर पर आउट कर दिया। इससे ठीक पहले केकेआर के कप्तान ने डफी की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर चौथे ओवर में कुल 17 रन बटोरे थे।

पावरप्ले के बाद केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। रघुवंशी ने तीसरे विकेट के लिए कैमरन ग्रीन (32) के साथ 68 रन की अहम साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने चौथे विकेट के लिए रिंकू सिंह (29 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ 76 रन जोड़े जिससे टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही।

21 वर्षीय रघुवंशी ने इस सत्र का अपना चौथा अर्धशतक जमाया। यह आईपीएल में अब तक उनका सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा है जिसमें उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत वाइड लांग ऑन के ऊपर एक जोरदार छक्के के साथ की। इसके बाद अपनी दोनों साझेदारियों के दौरान वह बीच-बीच में चौके-छक्के लगाते रहे।

उन्होंने ऑफ-साइड पर कुछ शानदार कट शॉट्स खेले। लेकिन उनकी पारी की मुख्य आकर्षण डफी की गेंद पर मिड-विकेट की तरफ एक चौका मारना और कृणाल पंड्या की गेंद पर बाउंड्री के पार एक जबरदस्त छक्का लगाना।

इसके अलावा रसिख सलाम की एक धीमी गेंद पर उन्होंने अंपायर के सिर के ऊपर से एक जोरदार शॉट भी लगाया। रघुवंशी पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुए।

केकेआर के लिए ग्रीन ने 24 गेंद में 32 रन बनाकर योगदान दिया जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था।

वहीं रिंकू अपने अर्धशतक से महज एक रन से चूक गए। इस भारतीय बल्लेबाज ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने पिछले चार मैचों में दो नाबाद अर्धशतक बनाए हैं।

# अनुबंध नहीं बढाने पर भड़के जूनियर कोच श्रीजेश, विदेशी कोचों को तरजीह पर उठाये सवाल



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत के महान गोलकीपर और जूनियर टीम के मुख्य कोच रहे पी आर श्रीजेश ने विदेशी कोचों को तरजीह देने के लिये महज 17 महीने बाद पद से हटाने को लेकर हॉकी इंडिया पर सार्वजनिक तौर पर भड़ास निकाली है हालांकि हॉकी इंडिया ने उनके आरोप को खारिज किया।***

सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक तल्ख पोस्ट में दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश ने लिखा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें फिर कोच नहीं बनाया गया क्योंकि हॉकी इंडिया जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहता है ।

श्रीजेश ने 'एक्स' पर लिखा ,''लगता है कि मेरा कोचिंग कैरियर डेढ साल के बाद ही खत्म हो गया है जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर विश्व कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे।''

उन्होंने कहा ,'' मैने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है ।''

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें पद से हटाया नहीं गया है बल्कि उनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में ही खत्म हो गया था और उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके मेरिट के आधार पर नया कोच चुना गया है ।

हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में टिर्की ने कहा,'' पी आर श्रीजेश का कोचिंग कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था । इसके बाद प्रोटोकॉल का पालन करके पद के लिये विज्ञापन दिया गया और कुछ नाम चुने गए । उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके चयन किया गया है ।''

इसमें कहा गया ,'' प्रक्रिया के बाद एक योग्य कोच का चयन किया गया है जिसके नाम की घोषणा जल्दी ही की जायेगी ।''

टिर्की ने कहा ,'' हमने श्रीजेश को हटाया नहीं है बल्कि उन्हें डेवलपमेंट टीम (भारत ए) का कोच बनने की पेशकश की गई थी। उन्होंने इसे ठुकरा दिया और फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध पर भी नहीं माने ।''

एक सूत्र ने बताया कि श्रीजेश को सीनियर पुरूष टीम का गोलकीपिंग कोच बनाने की पेशकश भी हुई थी।

तोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में सूत्रधार रहे श्रीजेश ने कहा ,''हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच (क्रेग फुल्टोन) जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी।''

भारत की जूनियर टीम के कोच के रूप में श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था और उन्होंने इस पद के लिए पुनः आवेदन किया था।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टोन हैं जबकि महिला टीम के कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन हैं । श्रीजेश पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद अंडर 21 पुरूष टीम के मुख्य कोच बने थे जिनके कार्यकाल में टीम ने जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, जूनियर विश्व कप और जोहोर कप में कांस्य पदक जीता था ।


श्रीजेश ने आगे लिखा ,'' क्या भारतीय कोच भारतीय हॉकी का विकास नहीं कर सकते ।''

उन्होंने कहा कि खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी कहा था कि देश को उनके जैसे कोचों की जरूरत है लेकिन हॉकी इंडिया का भरोसा सिर्फ विदेशी कोचों पर है।

उन्होंने कहा ,'' सात मार्च 2026 को माननीय खेलमंत्री श्री मनसुख मांडविया के साथ एक मुलाकात में मुझे कहा गया था कि 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिये श्रीजेश हमें तुम्हारे जैसे कोचों की जरूरत है ।''

श्रीजेश ने कहा ,'' लेकिन हॉकी इंडिया का भरोसा चारों टीमों के लिये भारतीय कोचों की बजाय विदेशी कोचों पर है ।''

# श्रीकांत, सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन में जीते



बैंकॉक, (भाषा)।

***स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा।***

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9 21-12 से हराया जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया।

श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी ।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

इस साल थाईलैंड मास्टर के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी।

एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21 26-24 21-13 से हराया लेकिन तन्वी शर्मा को जापान की हीना अकेची के खिलाफ17-21 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी जबकि तरूण मन्नेपल्ली जापान के ही कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हार गए ।

महिला एकल में उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब को क्रमशः थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फेइ ने हराया।

उन्नति को 21-11 17-21 16-21 से पराजय मिली जबकि खरब को तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन के खिलाफ21-19 13-21 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

ईशारानी बरुआ को भी दुनिया की 61वें नंबर की खिलाड़ी थलिता रामधानी विरयावन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-15 19-21 15-21 से हार मिली।

असित सूर्या और अमृता प्रमुथेश को मिश्रित युगल में साइ फुचेंग और सुंग यु सुआन की जोड़ी के खिलाफ22-24 11-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मथियास क्रिस्टियनसन और एलेक्सांद्रा बोये के खिलाफ32 मिनट में 9-21 15-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाडे भी पहले दौर की बाधा को पार करने में नाकाम रहे और सुपाक जोमकोह तथा ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न की थाईलैंड की दुनिया की 66वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ15-21 10-21 से हार गए।

# नीरज स्विट्जरलैंड में, मनु इटली में करेंगी ट्रेनिंग



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पीठ की चोट से उबर रहे भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 25 मई से स्विट्जरलैंड के ओलंपिक ट्रेनिंग केंद्र में जाएंगे जबकि निशानेबाज मनु भाकर ट्रेनिंग के लिए इटली चली गईं।***

खेल मंत्रालय ने इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों को देखते हुए विदेशों में ट्रेनिंग के इनके प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। नीरज के दोनों प्रतियोगिताओं में खेलने की उम्मीद है जबकि मनु सिर्फ एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी क्योंकि निशानेबाजी राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं है।

मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने यहां अपनी 173वीं बैठक में नीरज के स्विट्जरलैंड के बीन में 47 दिन के ऑफसत्र ट्रेनिंग शिविर के आग्रह के अलावा मनु के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बयान में कहा, ''तुर्किये में पीठ की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के कोर खिलाड़ी दो बड़ी बहु खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए 25 मई से 10 जुलाई तक बीन के ओलंपिक ट्रेनिंग केंद्र में ट्रेनिंग करेंगे।

राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में किया जाएगा जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नगोया में होंगे।

नीरज ने इस साल अभी तक किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है क्योंकि उनका पहले से तय सत्र का पहला टूर्नामेंट दोहा डाइमंड लीग खाड़ी क्षेत्र में चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण स्थगित हो गया था।

नीरज ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और 2018 तथा 2022 एशियाई खेलों में भी शीर्ष पर रहे थे।

हरियाणा के 28 साल के इस खिलाड़ी के साथ उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा और कोच जय चौधरी भी बीन में होंगे। यह एक ऐसी जगह है जहां वह तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर सुपरस्टार बनने से पहले लंबे समय तक रहे हैं।

साइ ने कहा, ''इस प्रस्ताव में तीन लोगों की टीम के आने-जाने और रहने का खर्च शामिल है जिसमें हवाई किराया, होटल का खर्च, खाना, वीजा, भाले और ट्रीटमेंट बेड के लिए अतिरिक्त बैगेज भत्ता, मेडिकल बीमा और 47 दिन के लिए हर दिन 25 डॉलर का भत्ता वगैरह शामिल हैं।''

खेल सचिव हरि रंजन राव की अगुआई वाले एमओसी ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु के इटली के लुका में ट्रेनिंग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। उन्हें 13 से 22 मई तक ट्रेनिंग की स्वीकृति मिली है।

इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के साथ उनके कोच जसपाल राणा और फिजियोथेरेपिस्ट स्नेहिल खुराना जाएंगे। मुन एशियाई खेलों में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी और पदक की प्रबल दावेदार हैं। एमओसी ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह के उनके कोच के साथ अमेरिका में 15 मई से 17 जून तक 34 दिवसीय ट्रेनिंग और प्रतियोगिता दौरे के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप में 5000 और 10,000 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता गुलवीर लॉस एंजिलिस और नाशविले में स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे।

# बांग्लादेश से हार के बाद बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर वापस लाने की तैयारी में पाक..



कराची, (भाषा)।

बांग्लादेश से मंगलवार को पहले टेस्ट में 104 रन से मिली शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान शान मसूद की जगह बाबर आजम को टेस्ट कप्तान के तौर पर लाने की तैयारी कर रहा है। ढाका में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद मसूद की कप्तानी को लेकर पाकिस्तान में कड़ी आलोचना हुई।

बल्ले से भी मसूद का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह दोनों पारियों में नाकाम रहे। टीम के करीबी एक सूत्र के अनुसार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के बाकी मैच के लिए बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर फिर से नियुक्त करने का अभियान शुरू हो गया है क्योंकि पाकिस्तान को इस साल अभी सात और टेस्ट खेलने हैं।

मसूद दिसंबर 2023 से टेस्ट कप्तान नियुक्त हुए थे और तब से उनके कार्यकाल में पाकिस्तान ने 15 में से 11 मैच गंवाए हैं। वहीं बाबर घुटने की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफपहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे और 18 मई से शुरू होने वाले दूसरे मैच में उनकी वापसी की संभावना है। सूत्र ने कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ प्रभावशाली लोग भी चाहते हैं कि बाबर कप्तान के तौर पर वापस आएं और उनका मानना है कि उन्हें कप्तानी का एक और मौका देने का यह सही समय है। ''

उन्होंने कहा, ''अगर बाबर दूसरा टेस्ट खेलते हैं और लय हासिल कर लेते हैं तो वह कप्तान के तौर पर वापसी के प्रबल दावेदार होंगे। बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ शुरुआती बातचीत से संकेत मिलता है कि वह भी दोबारा कप्तान बनने के इच्छुक हैं। ''

सूत्र ने कहा कि टीम के अंदर भी सभी बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर वापस लाना चाहते हैं। पाकिस्तान टीम के तीनों प्रारूप के कप्तान इस समय बांग्लादेश दौरे पर टीम का हिस्सा हैं जिनमें वनडे कप्तान शाहीन शाह अफरीदी और टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सलमान अली आगा शामिल हैं।

बाबर 2019 से 2023 के बीच तीनों प्रारूप के कप्तान थे लेकिन भारत में हुए 2023 विश्व कप के बाद उन्हें कप्तानी छोड़नी पड़ी थी। उन्हें 2024 विश्व कप के लिए टी20 कप्तान बनाया गया था लेकिन टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने फिर से कप्तानी छोड़ दी थी।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# अमूल का दूध दो रुपये लीटर महंगा हुआ, कल से लागू होंगी नई कीमतें..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***अमूल ने बुधवार को बढ़ती लागत के कारण पूरे भारत में दूध की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की। नई दरें कल यानी 14 मई से लागू होंगी। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ)***

अमूल ब्रांड के तहत अपने उत्पाद बेचती है। पिछली बार कीमतों में बढ़ोतरी एक मई, 2025 दूध की कीमतों में इस बढ़ोतरी से खाद्य महंगाई पर असर पड़ने की संभावना है और इससे मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के बजट पर भी बोझ पड़ेगा।

जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि उसने ''पूरे भारत में दूध के विभिन्न पैक की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी हैं, जो 14 मई से प्रभावी होंगी।''

कंपनी कहा कि यह बढ़ोतरी लगभग 2.5-3.5 प्रतिशत प्रति लीटर की है, जो औसत खाद्य महंगाई दर से कम है। जीसीएमएमएफ ने कहा, ''कीमतों में यह बढ़ोतरी दूध के परिचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है। इस साल पशु आहार, दूध की पैकेजिंग सामग्री और ईंधन की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है।''

इस सहकारी संस्था ने बताया कि उसके सदस्य संघों ने भी किसानों के लिए खरीद मूल्य में 30 रुपये प्रति किलोग्राम वसा (फैट) की बढ़ोतरी की है, जो मई, 2025 की तुलना में 3.7 प्रतिशत अधिक है। दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के लिए संशोधित दरों के अनुसार, 500 मिलीलीटर के पैक में 'स्लिम एन' किस्म की कीमत 27 रुपये, 'ताजा' की 30 रुपये, 'गाय के दूध' की 31 रुपये और 'गोल्ड' की 36 रुपये होगी। भैंस के दूध की कीमत में चार रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है, जिससे इसकी कीमत अब 80 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

जीसीएमएमएफ ने कहा कि अमूल की नीति के अनुसार, उपभोक्ता दूध और दूध उत्पादों के लिए जो भी कीमत चुकाते हैं, उसका लगभग 80 पैसा दूध उत्पादकों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कीमतों में इस संशोधन से दूध उत्पादकों को दूध के उचित मूल्य मिलते रहेंगे और उन्हें अधिक दूध उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण, वित्त वर्ष 2025-26 में अमूल ब्रांड का कुल कारोबार 11 प्रतिशत बढ़कर एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। जीसीएमएमएफ दुनिया की सबसे बड़ी किसानों के स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था है, जिसमें 36 लाख किसान शामिल हैं। यह 50 से ज्यादा देशों में अमूल दूध और दूध से बने उत्पादों के विपणन का काम संभालती है।यह हर दिन 3.1 करोड़ लीटर दूध इकट्ठा करती है और सालाना अमूल उत्पादों के 24 अरब से ज़्यादा पैक वितरित करती है, जिनमें दूध, मक्खन, चीज़, घी और आइसक्रीम आदि शामिल हैं।

# रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई का सम्मेलन अब एम्स्टर्डम की जगह भारत में..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई ने बुधवार को अपने वार्षिक सम्मेलन का आयोजन स्थल एम्स्टर्डम से भारत स्थानांतरित करने की घोषणा की।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद क्रेडाई ने सम्मेलन स्थल में बदलाव किया है।

कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (क्रेडाई) के प्रमुख सम्मेलन नैटकॉन-2026 का 23वां संस्करण अगस्त में एम्स्टर्डम में आयोजित होने वाला था। यह वार्षिक सम्मेलन आमतौर पर विदेश में होता है।

क्रेडाई ने बयान में कहा कि उसने सम्मेलन को एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) से भारत में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए रविवार को ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों का आह्वान किया था।

उन्होंने हैदराबाद में तेलंगाना भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का उपयोग करने, कार 'पूलिंग' करने, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया।

क्रेडाई ने कहा, ''यह निर्णय 'पश्चिम एशिया संकट के बीच राष्ट्र हित को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की हाल की अपील का एक मजबूत समर्थन है। वह जल्द ही नैटकॉन 2026 के लिए भारत में मेजबान स्थल का चयन और घोषणा करेगा।''

इस सम्मेलन में देश भर से 1,000 से अधिक प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियां, निवेशक, नीति निर्माता, आर्किटेक्ट, सलाहकार और उद्योग जगत से जुड़े लोग शामिल होते हैं। पिछले वर्ष यह सम्मेलन सिंगापुर में आयोजित किया गया था।

क्रेडाई के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, '' प्रधानमंत्री ने मौजूदा वैश्विक हालात के बीच नागरिकों और उद्योगों से जिम्मेदारी निभाने और राष्ट्र हित को प्राथमिकता देने की अपील की है। ऐसे में रियल एस्टेट क्षेत्र में हमारा भी दायित्व बनता है कि हम इस दृष्टिकोण के साथ खड़े रहें और सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं।÷

गौरतलब है कि क्रेडाई की स्थापना वर्ष 1999 में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र को नई दिशा देने और आवास एवं शहरी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। आज संगठन 20 राज्यों के 230 शहरों में फैली 13,000 से अधिक रियल एस्टेट कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

# मदर डेयरी का दूध भी दो रुपये लीटर महंगा, कल से लागू होंगी नई कीमतें




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***मदर डेयरी ने बढ़ती लागत को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है, जो बृहस्पतिवार से प्रभावी होगी।***

कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसने अपने दूध की विभिन्न किस्मों की उपभोक्ता कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है, जो 14 मई, 2026 से लागू होगी। मदर डेयरी से पहले बुधवार को ही अमूल ने भी दूध के दाम दो रुपये लीटर बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, पिछला कीमत संशोधन अप्रैल, 2025 के अंत में किया गया था।

कंपनी ने कहा, ÷पिछले एक वर्ष में किसानों से खरीद मूल्य में लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उपभोक्ताओं पर असर कम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद यह बढ़ोतरी आवश्यक हो गई थी।÷ मदर डेयरी ने कहा कि यह मूल्य संशोधन बढ़ी हुई लागत का केवल आंशिक भार उपभोक्ताओं पर डालता है और इसका उद्देश्य किसानों के हित और उपभोक्ताओं के हितों के बीच संतुलन बनाए रखना है। मदर डेयरी ने कहा कि वह अपने दूध बिक्री से प्राप्त राजस्व का लगभग 75 से 80 प्रतिशत हिस्सा किसानों को भुगतान करती है।

मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन लगभग 35 लाख लीटर दूध की बिक्री करती है। एनसीआर में टोंड मिल्क (खुले रूप में बिकने वाला) की कीमत बढ़ाकर 58 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 56 रुपये प्रति लीटर थी।

फुल क्रीम दूध (पाउच) की कीमत 72 रुपये प्रति लीटर होगी।

टोंड मिल्क (पाउच) का दाम 58 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डबल टोंड मिल्क 54 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। गाय के दूध की कीमत भी 60 रुपये से बढ़ाकर 62 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

मदर डेयरी ने पिछले वित्त वर्ष में बेहतर मांग के कारण अपने डेयरी उत्पादों और खाद्य तेलों की बिक्री में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 20,300 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया।

# एयर इंडिया ने 100 से अधिक साप्ताहिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें घटाईं, सात मार्गों पर सेवाएं निलंबित..




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***एयर इंडिया ने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और विमान ईंधन की ऊंची कीमतों के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती तथा सात मार्गों पर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने की बुधवार को घोषणा की।***

इस दौरान एयरलाइन करीब 100 विदेशी उड़ानों में कमी करेगी। एयर इंडिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इन कदमों से उसकी अंतरराष्ट्रीय क्षमता में करीब 27 प्रतिशत की कमी आएगी। कंपनी पहले ही कुछ मार्गों पर उड़ानें घटा चुकी है।

एयर इंडिया ने बयान में कहा कि कुछ क्षेत्रों में जारी हवाई क्षेत्र प्रतिबंध और अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए विमान ईंधन की रिकॉर्ड ऊंची कीमतों सहित कई कारकों का संयुक्त प्रभाव कुछ नियोजित सेवाओं की व्यावसायिक व्यवहार्यता को काफी प्रभावित कर रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि पुनर्गठन योजना के तहत एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय क्षमता या विभिन्न मार्गों पर उपलब्ध सीट में लगभग 27 प्रतिशत की कमी होगी।

एयरलाइन ने बताया कि अगले तीन महीनों में 100 से अधिक साप्ताहिक या 400 से अधिक मासिक अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती की जाएगी।

एयरलाइन कंपनी दिल्ली-शिकॉगो, मुंबई-न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई, चेन्नई-सिंगापुर, मुंबई-ढाका और दिल्ली-माले मार्गों पर अगस्त तक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रखेगी।

एयर इंडिया ने यह भी कहा कि यदि मौजूदा असाधारण परिचालन परिस्थितियां बनी रहती हैं तो वह अपने नेटवर्क में आगे भी बदलाव कर सकती है।

एयरलाइन के अनुसार, उत्तरी अमेरिका मार्गों पर कम से कम 10 साप्ताहिक उड़ानों में कटौती की जाएगी, जबकि दिल्ली-शिकॉगो सेवा पहले से ही अस्थायी रूप से बंद रहेगी। यूरोप में 12 साप्ताहिक उड़ानें और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र में छह साप्ताहिक उड़ानों में कमी होगी।

सुदूर पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया और सार्क क्षेत्र में कुल मिलाकर 68 साप्ताहिक उड़ानों तक की कटौती की जाएगी।


बयान के अनुसार, एयरलाइन हर महीने 1,200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन जारी रखेगी। इनमें उत्तरी अमेरिका के लिए प्रति सप्ताह 33 उड़ानें, यूरोप के लिए 47 उड़ानें, ब्रिटेन के लिए 57 उड़ानें, ऑस्ट्रेलिया के लिए आठ उड़ानें, सुदूर पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया एवं सार्क क्षेत्र के लिए 158 उड़ानें तथा मॉरीशस (अफ्रीका) के लिए प्रति सप्ताह सात उड़ानें शामिल हैं।

दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को, टोरंटो, वैंकूवर, पेरिस, कोपनहेगन, मिलान, वियना, और रोम जैसे मार्गों पर भी उड़ानों में कटौती की जाएगी।

मुंबई से सिंगापुर, बैंकॉक और कोलंबो की उड़ानों में कमी की जाएगी, जबकि मुंबई-न्यूयॉर्क सेवा बढ़ाई जाएगी।

कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कई हवाई क्षेत्रों पर प्रतिबंध और लंबी उड़ान मार्गों के चलते ईंधन खपत बढ़ गई है, जिससे परिचालन लागत में तेज वृद्धि हुई है। इसी कारण एयरलाइन ने कई लागत कटौती उपाय भी लागू किए हैं और कर्मचारियों को 'कठिन समय' की चेतावनी दी है।

# रुपया सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद सुधार, 95.66 प्रति डॉलर पर हुआ बंद..



**मुंबई, (भाषा)।**

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.80 पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में यह मामूली सुधार के साथ अंत में अपने रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप एवं सोने के आयात पर शुल्क बढ़ाए जाने से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला।

कारोबारियों के मुताबिक, रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है और इसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। महंगा कच्चा तेल, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर बढ़ती चिंताएं इसकी मुख्य वजह हैं।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसमें काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक समय यह 95.80 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। अंत में रुपया 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से दो पैसा की बढ़त है।

रुपया मंगलवार को 40 पैसे टूटकर 95.68 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

कोटक सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख (जिंस एवं मुद्रा) अनिंद्या बनर्जी ने कहा, '' डॉलर के मुकाबले रुपये के 95.60 के आसपास बने रहना, ऊंचे कच्चे तेल के दाम और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के दबाव को दर्शाता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सक्रिय हस्तक्षेप और आयात शुल्क बढ़ने से सोने के आयात में आई कमी रुपये में और कमजोरी को सीमित करने में मदद कर सकती है। भविष्य में रुपये की स्थिति सोने की बजाय कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया की स्थिति पर अधिक निर्भर करेगी। ''

भारत सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इसका मकसद इन धातुओं की विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव घटाना है।

कारोबारियों का मानना है कि इससे देश में सोने की मांग कम हो सकती है। भारत, दुनिया में बहुमूल्य धातुओं का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना खरीदने से बचने की अपील की थी।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.51 पर पहुंच गया।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, महंगाई को लेकर चिंता और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव के कारण रुपये में कमजोरी बनी रह सकती है। हालांकि, आरबीआई का हस्तक्षेप निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकता है।

डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.45 से 96.15 के दायरे में रह सकता है।''

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.30 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,608.98 अंक पर जबकि निफ्टी 33.05 अंक मजबूत होकर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बुधवार को 4,703.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# पश्चिम एशिया संकट : पीएनजी पर ऊंचे वैट से मप्र के छोटे उद्योग परेशान, दर में कटौती की मांग..




**इंदौर, (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) ने बुधवार को राज्य सरकार से औद्योगिक उपयोग वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पर 14 प्रतिशत की दर से वसूले जा रहे मूल्य संवर्धित कर (वैट) में कटौती की मांग की।***

उद्योग संगठनों का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन महंगा होने से एमएसएमई की उत्पादन लागत बढ़ गई है और पीएनजी पर ऊंचे वैट के कारण उन्हें पड़ोसी राज्यों के उद्यमों से प्रतिस्पर्धा में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की शिकायत निवारण समिति की इंदौर में आयोजित बैठक के दौरान एमएसएमई संगठन 'एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश' ने औद्योगिक उपयोग वाली पीएनजी पर ऊंचे वैट का मुद्दा उठाया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बैठक के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा,''पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में पहले ही बड़ी वृद्धि हो चुकी है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक उपयोग वाली पीएनजी पर लगने वाला 14 प्रतिशत वैट एमएसएमई की उत्पादन लागत पर बड़ा बोझ डाल रहा है। ऊंचे वैट के कारण मध्यप्रदेश के एमएसएमई पड़ोसी राज्यों के उद्यमों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों में औद्योगिक उपयोग वाली पीएनजी पर वैट की दर तीन से पांच प्रतिशत के बीच है।

मेहता ने कहा कि चूंकि पीएनजी फिलहाल जीएसटी के दायरे में नहीं है, इसलिए उद्योगों को इसकी खरीद पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

उन्होंने मांग की, ''पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट के मद्देनजर एमएसएमई को राहत देने के लिए या तो पीएनजी पर वैट घटाया जाए या इसे जीएसटी के दायरे में लाया जाए।''

जीएसटी की शिकायत निवारण समिति की बैठक में उद्योग-व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के कर अधिकारी शामिल हुए। बैठक में उद्योग-व्यापार जगत की ओर से जीएसटी रिटर्न भरने की प्रक्रिया को आसान बनाए जाने की मांग भी की गई।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# मणिपुर में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में तीन व्यक्तियों की मौत, चार घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को कथित तौर पर संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार,***

यह घटना कोट्जिम और कोटलेन गांवों के बीच उस समय घटी जब थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के सदस्य एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद चुराचांदपुर से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों ने उन दो वाहनों पर गोलीबारी की जिनमें वे यात्रा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन के पूर्व महासचिव रेवरेंड वी. सिटलहो भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अन्य दो मृतकों की पहचान रेवरेंड काइगौलेन और पादरी पाओगौलेन के रूप में हुई है।

मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने कहा कि तीन घायलों को इलाज के लिए इंफाल के शिजा अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान में भर्ती कराया गया है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'मैंने उपमुख्यमंत्री लोसी दिखो, गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम, विधायकों और सरकार के अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल लिया।'

उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी और मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।' सिंह ने कहा कि उग्रवाद और 'हिंसा के निरर्थक कृत्य' जो निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाते हैं और शांति को खतरे में डालते हैं, एक सभ्य समाज में इनकी कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा, 'हिंसा की यह घटना न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए बेहद चिंताजनक और विनाशकारी है, क्योंकि यह शांति के हमारे मार्ग में बाधा डालती है। हमारा राज्य धीरे-धीरे शांति की ओर बढ़ रहा है; इसलिए, सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हमारे लोगों के इस सामूहिक प्रयास को कमजोर करने वाले कृत्य अस्वीकार्य हैं।'

उन्होंने कहा, 'किसी भी समाज में आतंकवाद के किसी भी रूप का कोई औचित्य नहीं है। पूरा राज्य और हमारी जनता इस तरह के कृत्य के खिलाफ एकजुट है और इसके खिलाफ लड़ने का हमारा संकल्प अटूट है।'

सिंह ने समाज के सभी वर्गों से शांति बनाए रखने, संयम बरतने और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से बचने की अपील की। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, मैंने लोगों से अपहरण, बंधक बनाने और सामुदायिक आधार पर डराने-धमकाने को तुरंत रोकने का आग्रह किया।

इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हम अपराधियों और उनके सहयोगियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए राज्य के हर संसाधन का उपयोग करेंगे।'

हत्याओं के बाद, कांगपोकपी जिले में पूर्ण बंद लागू कर दिया गया। नाराज स्थानीय लोगों ने बाजारों को बंद करा दिया और एनएच 2 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी। मेइती संगठन अरम्बाई तेंगगोल ने हमले में किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया। एक बयान में, उसने अपनी संलिप्तता के आरोपों को 'बेबुनियाद और राजनीतिक रूप से प्रेरित' बताया।

मणिपुर राज्य में कुकी जनजाति की सर्वोच्च संस्था, कुकी इनपी मणिपुर ने भी इस घटना की निंदा की। उसने कहा, 'रेवरेंड वी. सिटलहो एक सम्मानित चर्च नेता और शांतिदूत थे, जिन्होंने हाल ही में नगालैंड जॉइंट क्रिश्चियन फोरम (एनजेसीएफ) के साथ कोहिमा में कुकी-ज़ो और तांगखुल समुदायों के बीच शांति, सुलह और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए शांति मिशन का नेतृत्व किया था।'

# एनसीसी के 95वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हर्षोल्लास के साथ समापन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के दस दिवसीय 95वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-95) का बुधवार को पूरे उत्साह, अनुशासन और हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। शिविर में जिले सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों कैडेट्स ने सहभागिता कर सैन्य प्रशिक्षण,***

अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह शिविर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में आयोजित किया गया था। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिला कलेक्टर मृणाल मीणा, सहायक आयुक्त शकुन्तला डामोर तथा ट्राइबल विभाग के अधिकारियों एवं शासकीय कन्या शिक्षा परिसर प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा। शिविर के लिए 10 दिनों तक परिसर उपलब्ध कराया गया, जिससे कैडेट्स को बेहतर आवासीय एवं प्रशिक्षण सुविधाएं प्राप्त हो सकीं।

समापन अवसर पर कैंप कमांडेंट विनीत कमल गुप्ता ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक सशक्त संस्था है। उन्होंने कहा कि 'एकता और अनुशासन' एनसीसी का मूल मंत्र है, जिसे प्रत्येक कैडेट को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए। एनसीसी कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, जो उन्हें समाज में अलग पहचान दिलाती है। दस दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए गए। पुलिस विभाग के सहयोग से कैडेट्स को फायरिंग प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया तथा पुलिस बस की सुविधा भी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन प्रातः काल योग एवं शारीरिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें तनु काटेकर द्वारा योग साधना कराई गई। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा अनेक उपयोगी व्याख्यान एवं प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए। एसडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। एआरओ जबलपुर की टीम ने सेना भर्ती प्रक्रिया एवं करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं एनसीपीएल टीम द्वारा परमाणु ऊर्जा संबंधी जानकारी साझा की गई। इसके अलावा बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय जागरूकता तथा प्राथमिक उपचार एवं मेडिकल सहायता जैसे विषयों पर भी कैडेट्स को प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में कटंगी, वारासीवनी, बिरसा, बैहर, मलाजखंड एवं बालाघाट क्षेत्र के कुल 439 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। शिविर के सफल संचालन में मेजर हेमंत कुमार मंडाले (कैंप एडजुटेंट), कैप्टन राजेंद्र सिंह कुसराम, लेफ्टिनेंट गजानन कटरे, द्वितीय एनसीसी अधिकारी श्रवण बोदेले, कल्पना थोंबरे, धीरेंद्र दत्त आर्या सहित सूबेदार तरसेम सिंह, हवलदार किरण कुमार, निमा संगी तमांग, रसपाल सिंह, रामदेव, नायक रजनीश कुमार एवं विनय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अलीपुर में एक ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी, तीन की मौत, चालक गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक ट्रक ने एक ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी जिससे तिपहिया वाहन में सवार नौ साल बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ट्रक के प्रभाव के कारण ऑटो आगे खड़े वाहन से जा टकराई ।***

पुलिस के अनुसार, अलीपुर थाने में सुबह सात बजकर 32 मिनट पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली जिसके बाद एक टीम शिव मंदिर के पास घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना के समय ऑटो रिक्शा में कुल सात लोग सवार थे।

मौके पर पहुंचने पर पुलिस को एक क्षतिग्रस्त ऑटो रिक्शा और आसपास कई घायल यात्री मिले। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान टिकरी गांव निवासी मुकेश, उसकी पत्नी पिंकी, उनके छह वर्षीय बेटे और नौ वर्षीय बेटी, बिहार के चंपारण निवासी छोटू पंडित (28) व करावल नगर निवासी ऑटो रिक्शा चालक राजू शर्मा (52) के तौर पर हुई है। एक यात्री की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालक राजू शर्मा, नौ वर्षीय बच्ची और अज्ञात यात्री सहित तीन लोगों को नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

बाकी बचे चार घायल व्यक्तियों की गंभीर हालत को देखते हुए बाद में लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मुकेश और उसका परिवार उत्तर प्रदेश में बलिया स्थित अपने पैतृक गांव से लौट रहा था और टिकरी गांव स्थित अपने घर जाने के लिए उन्होंने आईएसबीटी से ऑटो रिक्शा किया था। रास्ते में ऑटो चालक ने अन्य सवारियों को भी बिठा लिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में सुबह 7.48 बजे सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद स्टेशन अधिकारी की देखरेख में बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया।

डीएफएस के अनुसार, जब तक दमकल अधिकारी मौके पर पहुंचे, तब तक आम जनता और पीसीआर कर्मियों ने पांच घायल व्यक्तियों को पहले ही गाड़ी से निकाल लिया गया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, ÷टक्कर से ऑटो-रिक्शा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जोरदार टक्कर के कारण चालक समेत दो लोग हैंडल और सीट के बीच फंस गए।÷





पुलिस ने बताया कि दमकल अधिकारियों ने विशेष बचाव उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए ऑटो रिक्शा के मुड़े हुए धातु के ढांचे को काटकर उसमें फंसे दो पीड़ितों को बाहर निकाला। दुर्घटनास्थल का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया और तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में सड़क पर बिखरे खून के धब्बे, सीएनजी ऑटो रिक्शा के क्षत-विक्षत अवशेष और दमकलकर्मी क्षतिग्रस्त वाहन को काटकर अंदर फंसे लोगों को निकालने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद फरार हुए ट्रक की पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया गया और कई टीमें गठित की गईं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक के नंबर के आधार पर, उसके मालिक और बाद में चालक की पहचान की गई। पुलिस ने बताया कि ट्रक को पुलिस जब्त कर लिया और उसके चालक अनिल (23) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वह बिहार के मधुबनी का रहने वाला है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी चालक से गहन पूछताछ जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ऑटो रिक्शा को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। टक्कर के कारण, ऑटो रिक्शा एक खड़ी गाड़ी से जा टकराया। पुलिस ने अलीपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात यात्री की पहचान पता करने की कोशिश की जा रही है।

# नीट पेपर लीकः लातूर पुलिस ने कोचिंग कक्षा के कर्मचारियों से पूछताछ की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के लातूर जिले में पुलिस ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) 2026 के कथित प्रश्न पत्र लीक के संबंध में कोचिंग कक्षा के कर्मचारियों सहित छह लोगों से पूछताछ की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

लातूर शहर कोचिंग के केंद्र के रूप में जाना जाता है और पूरे महाराष्ट्र से छात्र कोचिंग के लिए यहां आते हैं। संभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) समीर सिंह साल्वे ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि कुल छह लोगों से पूछताछ की गई और उनके बयान दर्ज किए गए। स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट (यूजी) 2026 परीक्षा तीन मई को हुई थी और मंगलवार को पेपर लीक के आरोपों के बीच रद्द कर दी गई। एक छात्र के अभिभावक ने मंगलवार को यहां पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दावा किया गया कि लातूर के एक निजी कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट में पूछे गए 42 प्रश्न नीट परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के समान थे।

साल्वे ने बताया कि उन्होंने छात्रों, कोचिंग कक्षा के कर्मचारियों और काउंसलर सहित छह लोगों से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने दो कोचिंग संस्थानों से सीसीटीवी फुटेज भी जब्त किया है। सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और देश भर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है।

# सिर्फ एक नींबू के लिए बच्चे को पीट-पीट कर मार डाला, बिहार के नालंदा में हत्या के बाद फैला तनाव..



डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार के नालंदा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां अस्थमा थाना के अंतर्गत एक नींबू तोड़ने के विवाद में बारह वर्षीय बच्चे शुभम कुमार की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है।***

घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में दो समुदाय आपस में भिड़ गए। इस दौरान करीब आधे घंटे तक गांव में जमकर रोड़ेबाजी और हंगामा हुआ। परिजनों ने बताया कि शुभम कुमार ने गोरे खान के घर में लगे नींबू के पेड़ से एक नींबू तोड़ लिया था। इसी बात से गुस्साए गोरे खान के दोनों पुत्रों ने शुभम कुमार के साथ बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे शुभम कुमार की मौत हो गई।

## गांव में फैला तनाव का माहौल..

नालंदा जिले के सकरावा गांव में शुभम कुमार की मौत की खबर जैसे ही परिजन और ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया। रोड़ेबाजी की घटना में कई पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई है। घटना की जानकारी मिलने पर कई डीएसपी, डीडीसी, एसडीएम एवं नालंदा जिले की कई थाना की पुलिस गांव में पहुंचकर कैंप कर रही है। गांव में पूरे तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपी के घर पर चढ़कर भी जमकर रोड़ेबाजी की है।

## पुलिस प्रशासन मौके पर..

मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज भी किया है। घटना को देखते हुए फिलहाल एसपी, डीएसपी, डीडीसी एवं कई वरीय पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराने में जुटे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर निर्दोष लोगों के ऊपर लाठी चार्ज करने का आरोप लगाया है।

## कई लोग हिरासत में..

नालंदा के सकरावा गांव में नींबू के विवाद में बच्चे की हत्या के बाद जमकर रोड़ेबाजी हुई जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया जिसमें कुछ पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए।

जानकारी के अनुसार, 12 लोगों को डिटेन किया गया है। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

*जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन..

## स्वास्थ्य, वेलनेस एवं खेल को आधुनिक जीवन की आवश्यक जरूरत बताया..








जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा 'उमंग' स्वास्थ्य***

एवं कल्याण कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार **"Health, Wellness & Sports – Essential Need for Modern World"** का समापन बुधवार 13 मई 2026 को सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलब उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री राजाराम चक्रवर्ती, डॉ. डी.के. राणा रायपुर, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महाविद्यालय के संरक्षकगण, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, समन्वयक डॉ. पी.एस. कातुलकर, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल कुमार झरबड़े, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं डॉ. उषा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं जिले के खेल अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं स्वागत गीत के साथ की गई। सेमिनार के अंतिम दिवस ऑनलाइन माध्यम से कनाडा से डॉ. समर ई. भागीरथी एवं ऑस्ट्रेलिया से डॉ. पूनम चौहान ने स्वास्थ्य, वेलनेस और खेलों की आधुनिक जीवन में उपयोगिता पर व्याख्यान दिए। वहीं डॉ. डी.के. राणा रायपुर, श्री सुशील पटवा (खेल अधिकारी छिंदवाड़ा), श्री सुनील दत्त लखेरा (वरिष्ठ खेल अधिकारी जबलपुर), डॉ. ऋषिकेश पटेल (खेल अधिकारी लालबर्रा), श्री अधीर घोडेश्वर (खेल अधिकारी कटंगी), रोशनी टेम्भरे किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता तथा शोधार्थी मोहित मौर्य ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल कुमार झरबड़े ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। समन्वयक डॉ. पी.एस. कातुलकर ने भी कार्यक्रम की सफलता पर धन्यवाद ज्ञापित किया। तीन दिवसीय यह अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, कर्मचारियों, जिले के खेल अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।















दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573


# सीबीएसई बारहवीं में मेरिटोरियस स्कूल का 100 प्रतिशत रहा परिणाम




जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***मेरिटोरियस पब्लिक स्कूल का बारहवीं कक्षा का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा है, जिससे विद्यालय ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।***

इस परीक्षा में कु. महेक शरद अग्रवाल ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान शाखा से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं सागर विनय खेताडे ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक मुकेश अग्रवाल एवं राणी अग्रवाल ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की इस सफलता पर अभिभावकों ने भी संतोष व्यक्त किया है और विद्यार्थियों की मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# तिरोड़ा की गिरजाबाई कन्या विद्यालय का कक्षा दसवीं के परिणामों में रहा वर्चस्व..

## अदिति पटले ने 95.40 प्रति. अंक प्राप्त कर तिरोडा तहसील में पाया अव्वल स्थान..








जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***स्थानीय गिरजाबाई कन्या हायस्कूल ने अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों में अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते***

हुए छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 89.18प्रति. रहा। विशेष बात यह है कि स्कूल की छात्रा कुमारी अदिति विनोद पटले ने 95.40त्न अंक प्राप्त कर तिरोडा तालुका में प्रथम आने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय से इस वर्ष कुल 111 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई थीं, जिनमें से 99 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। जिनमें मेरिट श्रेणी में 14, प्रथम श्रेणी में 24,द्वितीय श्रेणी में 40 और तृतीय श्रेणी में 21 ने सफलता हासिल की। विद्यालय की टॉपर्स छात्राओं ने अपनी मेहनत से स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रथम स्थान प्राप्त कु. अदिति विनोद पटले 95.40 प्रतिशत अंक लेकर तालुका में अव्वल स्थान प्राप्त किया। वही द्वितीय स्थान कु. रिधिमा संतोष मेश्राम 83.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान कु.लीनता संजय आगाशे एवं कु.अपर्णा राजकुमार भेलावे दोनों ने 81 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान कु. सेजल नागपुरे 80.80 प्रतिशत अंक हासिल किए है।

छात्राओं की इस शानदार सफलता पर संस्था के अध्यक्ष पवन मोरे, सचिव सौ. रजनी मोरे समेत सभी पदाधिकारियों, विद्यालय की मुख्याध्यापिका सौ.राजलक्ष्मी तुरकर, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी उत्तीर्ण छात्राओं का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस सफलता का श्रेय छात्राओं की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया गया है।






# नमो उड्डाण का भूमि पूजन समारोह आज..




जगप्रेरणा सालेकसा।

***शहर के विकास में तेज़ी लाने और लोगों को बेहतर सुविधाएँ देने के मकसद से, सालेकसा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 सिंगलटोली में नमो उड्डाण का उद्घाटन किया जा रहा है। नगर पंचायत सालेकसा शहर में नमो उड्डाण का भूमि पूजन***

समारोह आज, 14 मई, 2026 को शाम 5.00 बजे वार्ड नंबर 14 में डॉक्टर विकास डोये हॉस्पिटल के सामने होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नामदेव किरसान खासदार गडचिरोली चिमूर लोकसभा क्षेत्र, संजय पुराम आमदार आमगाँव देवरी विधानसभा क्षेत्र करेंगे। गोपालदास अग्रवाल, पूर्व विधायक गोंदिया विधानसभा क्षेत्र, विजय फुंडे, नगराध्यक्ष नगर पंचायत सालेकसा की खास मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति नगर पंचायत सालेकसा के उपाध्यक्ष कुंदनभाऊ बहेकार, नगर पंचायत सभापती पल्लवी शिवणकर, सभापती छन्नू शिवणकर, पुरुषोत्तम कटरे, सावलराम भाऊ बहेकार, यदनलाल बनोठे, राजू दोनोड़े, देवराम चुटे, बबलू कटरे, अर्जुनसिंह बैस के उपस्थिती मे संपन्न होगा और मुख्य उपस्थिति नगर पंचायत सदस्य सुनीता उइके, रामबत्ती पुसाम, अतुल रेड्डीवार, संदीप डेकाटे, प्रेरणा बंडीवार, सतीश करवाड़े, योगिता असाटी, प्रतिभा शिवणकर, अजय डोये, अनिता चुटे, रितेश लिल्हारे, इठाबाई राउत, किशोर गवराने, राजू जैन, राजेंद्र बडोले की उपस्थिती होगी। नगर पंचायत के निर्माण सभापती विनोद मडावी ने अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# देवरी के पीएमश्री जिला परिषद हाईस्कूल की ऊंची उड़ान, दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन..




जगप्रेरणा देवरी।

***स्थानीय पीएमश्री जिला परिषद हाईस्कूल एवं जूनियर कॉलेज, देवरी के छात्रों ने अपनी सफलता की परंपरा को बरकरार रखते हुए एक बार फिर जिले का ध्यान अपनी ओर खींचा है।***

जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 11वीं की प्रवेश परीक्षा में स्कूल के दो छात्रों ने शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। चयनित मेधावी छात्रों के नाम माही कान्हेकर और हिमांशु लाडे हैं। इन दोनों छात्रों का चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता और कड़ी मेहनत के बल पर जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं के लिए हुआ है।

## मार्गदर्शन का मिला साथ..

छात्रों की इस सफलता में स्कूल के प्रधानाध्यापक विलास खंडाईत का बहुमूल्य मार्गदर्शन मिला। छात्रों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही दिशा देने का काम विद्यालय के शिक्षकों ने किया। इसमें वरिष्ठ शिक्षक दिलेश टेटे, पिलारे सर, खंडारे सर, कमलाकर सर, सव्वाशे सर, कुंजम सर, शहारे सर, शहारे मैडम, गावडकर मैडम, तुलावी मैडम, लिलारे मैडम, दहिफळे मैडम, ईश्वर मैडम और तांडेकर सर ने छात्रों को विषयवार गहन मार्गदर्शन प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूल के छात्रों द्वारा प्राप्त इस सफलता से देवरी तहसील सहित शैक्षणिक जगत में स्कूल की प्रशंसा हो रही है।

छात्रों के इस प्रदर्शन पर अभिभावकों द्वारा खुशी व्यक्त की जा रही है और सभी स्तरों से उन पर बधाइयों की बौछार हो रही है। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रधानाध्यापक, शिक्षक वृंद और स्कूल प्रबंधन समिति ने उनका अभिनंदन किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### पैदल घुम रहे व्यक्ति को अज्ञात फोरविलर ने ठोस मारकर किया जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/ 5/ 2026 के रात 9 बजे के दरम्यान अमोलप्रकाश बोहरे उम्र 26 वर्ष निवासी कारुटोला आमगाव देवरी मार्ग पर टहल रहे थे। उसी समय अज्ञात फोरविलर के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर ठोस मारी अमोल को गहरी चोट लगने से दिये शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 249/ 2026 धारा 281,125, अ,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना रामलाल राऊत 1910 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### तु चोर है बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/5/2026 शाम 6 बजे के दरम्यान फर्यादी निलेश गोविंदराव गायकवाड उम्र 28 वर्ष निवासी बिजेपार रोज की तरह तेंदुपत्ता तोड़कर लाये और बंडल बनाकर गाव के फडी मे बेचने गये। फडी के मैनेजर ने कहा दो दिन तेंदूपत्ता तोडना बंद है, उसके बाद लाल रंग का पत्ता मत लाना हरे रंग का पत्ता लाना है, फर्यादी ने सभी को हरा पत्ता लाने को कहा जब दूसरे दिन फर्यादी पत्ता लेने गये तो लोगो से कहा लाल पत्ता नही चलेगा इस बात पर आरोपी ने कहा तु चोर है, फर्यादी के बेटे ने कहा मेरे पिताजी को क्यो चोर बोल रहा है तो आरोपी ने गालीगलौच की और पेट पर नेलकटर के चाकु से पेट पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेक सा मे अपराध क्रमांक 252/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा खुशरंग बिसेन 257 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### खेत मे मृत अवस्था मे मिली लाश मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/ 5/ 2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान रामुजी मंगरू राऊत उम्र 55 वर्ष निवासी सड़क अर्जुनी अपने खेत गया था। उसके बाद पत्नी खेत मे गई तो रामुजी बंधी मे गिरा हुवा था। लोगो को बुलाकर वह रामुजी को ग्रामीण अस्पताल सडक अर्जुनी ले गई, जहा डाक्टर ने जाँच कर मृत घोषित करने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अकस्मात मौत क्रमांक 21/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा राकेश राऊत 1524 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### सुबह टहलने गये पुरुष को अज्ञात वाहन चालक ने ठोस मारकर किया जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के सुबह 5 बजे के दरम्यान कातुर्ली से इररी रोड पर संजय महादेव राऊत उम्र 57 वर्ष निवासी आमगांव सुबह घुमने जाते समय आरोपी अज्ञात फोरविलर के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर संजय राऊत को सामने से ठोस मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 339/2026 धारा 281,125, ए, 125, बी , बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा पंधरे 1375 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं सामाजिक दायित्वों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ




जगप्रेरणा गोंदिया।

***रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधों की रोकथाम तथा सामाजिक सरोकारों के निर्वहन हेतु विभिन्न विशेष***

अभियानों के अंतर्गत प्रभावी एवं सराहनीय कार्य किए गए हैं। आपरेशन नारकोस- रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे परिक्षेत्र में नशीले पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु लगातार रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा 'आपरेशन नारकोस' के तहत अभियान चलाया जा रहा है, यात्री ट्रेनों पर विशेष निगरानी रखते हुए नशीले पदार्थो की जब्ती एवं तस्करो को गिरफ्तार किया जा रहा है, इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल के तीनो मंडलों (बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर) में स्पेशल टास्क टीम बनाकर कार्याही की जा रही है, इस कार्य के लिए तीनो मंडलों में स्थित **CIB (Crime Intelligence Branch) SIB (Special Intelligence Branch)** को एक्टिव किया गया है, वर्ष-2025 में 'ऑपरेशन नारकोश' के तहत कुल- 63 मामलो में 78 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 713.522 किलो. मूल्य 1.70 करोड़ के मादक पदार्थ की जब्ती की गई है तथा इसी तरह वर्ष-2026 में अब तक 38 मामलो में 60 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 572.729 किलो. मूल्य 2.86 करोड़ के मादक पदार्थ की जब्ती कर विधिपूर्ण कार्यवाही की गयी है। रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा विगत वर्षो से लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिणाम वर्ष 2025 एवं 2026 में अब तक 'ऑपरेशन नारकोश' के तहत 4.56 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थो को डिटेक्ट कर 138 आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिपूर्ण कार्यवाही की गई है। इस अभियान के तहत उड़ीसा राज्य के तरफसे आने वाली ट्रेनों जैसे- 12843 पूरी-अहमदाबाद, 18477 उत्कल एक्सप्रेस, 12807 समता एक्सप्रेस, 58213 टिटलागढ-बिलासपुर पैसेंजर, 12994 पूरी-गांधीधाम एक्सप्रेस में मुख्य रूप से फोकस कर ड्राइव एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी रखा गया है।

# मामूली विवाद में बीएसएफ जवान ने तान दी पिस्तौल और चला दी गोली..

## भाजपा के पूर्व शहर अध्यक्ष और विधायक विजय रहांगडाले के अत्यंत करीबी स्वानंद पारधी हुए जख्मी..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***12 मई की रात करीब 9.30 बजे न्यायालय के सामने स्थित सब्जी मंडी के पास मामूली आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी वैगनआर गाड़ी की डिक्की से पिस्टल निकालकर उसे लोड की और फायर कर दिया।***

संयोग से गोली सड़क पर लगी जिससे सड़क की गिट्टी का टुकड़ा उड़कर पास ही खड़े भाजपा के पूर्व शहर अध्यक्ष स्वानंद पारधी के कान के पास लगा। जिससे वे मामूली रूप से घायल हुए। उपरांत लोगों की मदत से उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

फरयादी स्वानंद अरविंद पारधी उम्र 50 वर्ष निवासी वीर सावरकर वॉर्ड तिरोडा की मौखिक शिकायत पर तिरोड़ा पुलीस थाने में आरोपी नामे भूषण नंदन देसले उम्र 36 वर्ष निवासी गोराने तहसील सटाना जिला नाशिक के खिलाफ दिनांक 13 मई की रात 00/45 बजे अपराध क्रमांक 524/2026 कलम 125(ए), 351(3) भा.न्या.सं. सहकलम 30 शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी के पास से 1 पिस्टल, 33 राऊंड, 1 मॅगझीन और अपराध में उपयोग की गई मारुती कंपनी की वैगनआर कार क्रमांक एम. एच **41B.H.2019** जप्त की गई।

## घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार..

आरोपी भूषण देसले यह बीएसएफ जवान होकर वह समीप ग्राम करटी में एक शादी समारोह में शरीक होने हेतु आया था। घटना के वक्त गाड़ी के चलाने के विषय को लेकर उसका कुछ लोगो से विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते उसने अपनी गाड़ी से पिस्टल निकालकर सिमेंट रोड पर एक राऊंड फायर कर दिया। जिससे सिमेंट रोड का तुकडा उडकर फर्यादी की हनुवटी और बाएं गाल पर लगा जिससे मामूली जख्म हुए लेकिन वे बाल बाल बच गए।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार स्वानंद पारधी और आरोपी के बीच इतना कम अंतर था कि गोली जमीन पर लगने के बजाय उन्हें लग जाती तो बड़ी घटना हो जाती।

प्राथमिक रूप से चर्चा के आधार पर जब स्वानंद पारधी को गोली लगने की अस्पष्ट खबर तिरोड़ा शहर में फैली तो कुछ देर के लिए शहर में सनसनी फैल गई थी और लोग नाना तर्क वितर्क लगाने लगे थे।

आरोपी को आज 13 मई को न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायाधीश के सामने तिरोडा कोर्ट में हाजिर करने पर एक दिन की पुलीस कस्टडी सुनाई गई। मामले की जांच शुरू होकर पुलीस अधीक्षक गोंदिया, अपर पुलीस अधीक्षक गोंदिया कॅम्प देवरी, उपविभागीय पुलीस अधिकारी साहिल झरकर इनके मार्गदर्शन में थानेदार अमित वानखड़े द्वारा मामले की जांच की जा रही है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

# जग प्रेरणा गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com